सरी मूल निवासी मार्गदर्शिका नवांगतुकों के लिए

अनुसंधान और लेखन
लिटिलक्रेन कन्सल्टिंग

डिजाइन और लेआउट
नहानी क्रिएटिव इन्क.

हस्त-ग्राफिक
जेमी-ली गोंजेल्स

फोटोग्राफी
कैल्सी मारचंड

विषय सूची

क्षेत्रीय स्वीकृति 3
आमुख 3
स्वागत 4
परिभाषाएं 5
भूमि आधारित नेशंस की कहानियां 8
सेमियाहमू फर्स्ट नेशन के चीफ हार्ली चैपल
क्वांटलेन फर्स्ट नेशन की चीफ मर्लिन गैब्रियल
प्रोटोकॉल 10
एक अच्छी शुरूआत
क्षेत्रीय स्वीकृति का महत्व
अपने हाथों को ऊपर उठाना
भूमि आधारित नेशंस का इतिहास 12
विदेशियों का आगमन 13
उपनिवेशवादियो के आगमन के समय सेमियाहमू
सीमाएं
इंडीजिनस और पश्चिमी विश्वदृष्टियों का टकराव
सरी के शहरी इंडीजिनस और मेटिस समुदाय 15
सरी में इंडीजिनस समुदाय
सरी में मेटिस समुदाय
इंडीजिनस अधिकार और स्वामित्व: कैनेडा की नीति 17
पापल बुल्स
टेरा नलियस
1763 की शाही उद्घोषणा
रोग
इंडियन एक्ट
इंडियन एक्ट टुडे
रिजर्व और आवास
इंडीजिनस महिलाएं और इंडियन एक्ट
इंडियन रेजिडेंशियल स्कूल सिस्टम
घर वापसी
इंडीजिनस लोगों को प्रभावित करने वाली वर्तमान नीतियां
कैनेडा में इंडीजिनस-विरोधी नस्लवाद 25
कैसे बनते हैं मिथक?
मिथक और भ्रांतियां
मिथक या तथ्य
इंडीजिनस पुनरुत्थान 28
इंडीजिनस प्रतिभाएं 29
सरी में इंडीजिनस अनुकरणीय व्यक्तियों का उत्सव मनाना

क्षेत्रीय स्वीकृति

यह कार्य सेमयोम (सेमियाहमू), q̓ic̓əy̓ (काट्ज़ी), kʷikʷəƛ̓əm (क्विकवेटलेम), q̓ʷɑ:n̓ƛ̓ən̓ (क्वांटलेन), qiqéyt (केकेट), xʷməθkʷəy̓əm (मस्कियम) और swaθənxn (ट्वासन) फर्स्ट नेशंस के पैतृक, परंपरागत और कभी न सौंपे गये क्षेत्रों पर किया गया है। इन समुदायों का ज्ञान, परंपराएं और सतत योगदान इस सामग्री के कार्य का संदर्भ प्रदान करने में महत्वपूर्ण हैं। हम उनके अतीत, वर्तमान और भविष्य के अगुवाओं को नमन करते हैं।

सरी फर्स्ट पीपुल्स गाइड सेमियाहमू फर्स्ट नेशन के चीफ हार्ली चैपल और क्वांटलेन फर्स्ट नेशन के चीफ मर्लिन गैब्रियल को उनके ज्ञान, सच्चाई और अपने समुदायों के प्रति अपनी हार्दिक सद्-इच्छाओं की साझीदारी करने के लिए धन्यवाद देना चाहती है। ये साक्षात्कार ऐसे समय में आयोजित किए गए जब ये समुदाय अविश्वसनीय चुनौतियों से गुजर रहे थे। हम इस बात को स्वीकार करते हैं कि हमसे गलतियां हुईं जब भूमि-आधारित नेशंस ने अपने अधिकारों के लिए अथक प्रयास किये, न केवल मात्र अपने लिए बल्कि ऐसे तरीके से जिससे क्षेत्र के सभी इंडीजिनस लोगों पर असर पड़े। यह नेतृत्व हमें भूमि आधारित नियमों, जवाबदेही की व्यवस्थाओं और यहां अनादि काल से मौजूद महत्वपूर्ण शिक्षाओं की भावना का प्रदर्शन करता है।

प्रस्तावना

लेन पियरे, काट्ज़ी फर्स्ट नेशन

y̓ swéyəl (आपका दिन शुभ हो) और mí ce:p kʷətxʷíləm (आपका स्वागत है)। मेरा नाम लेन पियरे है, मेरा पैतृक नाम पुलीकवीलक है, मैं काट्ज़ी फर्स्ट नेशन से कोस्ट सैलिश हूं, जो सरी नगर पालिका के होस्ट क्षेत्रों में से एक है। आपके लिए, मैं cxʷ q̓ə (धन्यवाद) कहूंगा। अपनी जिज्ञासा, एकीकरण और विनम्रता की भावना के साथ यहां उपस्थित होने, इस मार्गनिर्देशिका को लेने, इसे पढ़ने, और इसे अंगीकार करने के लिए धन्यवाद। यहां उपस्थित होने के लिए धन्यवाद, आपकी उपस्थिति और फर्स्ट पीपुल्स के बारे में सीखने, समझने और उनके साथ संबंध निर्माण करने में आपकी भागीदारी को कमतर करके नहीं आंका जा सकता है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि टर्टल आइलैंड (नॉर्थ अमेरिका) के इंडीजिनस पीपुल्स के तौर पर, हमें कैनेडा और अमेरिका की इतिहास की पुस्तकों, दिशानिर्देशिका पुस्तकों, और शैक्षिक कार्यक्रमों में सौ साल से भी ज्यादा समय से भुला दिया गया है।

हमें समाज से मिटा देने का एक लंबा और विश्वासघात भरा इतिहास रहा है। इंडीजिनस नजरिये को समावेशित करती इंडीजिनस लोगों द्वारा लिखी गयी “फर्स्ट पीपुल्स गाइड” जैसे दस्तावेज का महत्व इन जमीनों के , जिसे आज आप अपना घर कहते है ,उन भूमियो के मूल और फर्स्ट पीपुल्स के बारे में सीखने, समझने और उनका आदर करने की दिशा में उठाया गया एक उचित प्रगतिशील कदम है।

इस दस्तावेज को पढ़ने और सीखने को लेकर, मैं आप में से प्रत्येक व्यक्ति से भावपूर्ण आग्रह करूंगा कि आप जो कुछ भी सीखने जा रहे हैं, उसके प्रति खुला दिल और खुला दिमाग रखें। न केवल इस मार्गनिर्देशिका को पढ़ने के समय , बल्कि इसे पढ़ने के लंबे समय बाद भी आप अपने दिलो-दिमाग में उस स्थान को बनाये रखें। हम, फर्स्ट पीपुल, इन जमीनों पर अनादि काल से ही रहते चले आ रहे हैं। हमारे पास इस भूमि, जल और वायु का प्राचीन ज्ञान और बुद्धिमत्ता है जिसका हम सभी अत्यधिक आनंद लेते हैं।

निवासियों, नेशंस, और भूमि, जिसे आप घर कहते हैं, की ओर से आप सबका स्वागत है! स्वस्थ रहें, भूमि और फर्स्ट पीपुल के बारे में सीखना जारी रखें और एक दूसरे के साथ करूणा का व्यवहार करना हमेशा याद रखें। यही हमारी इस भूमि के नियम हैं।

-लेन पियरे, काट्ज़ी फर्स्ट नेशन

स्वागत

नवागंतुकों के लिए सरी फर्स्ट पीपुल्स गाइड इंडीजिनस नजरिये से कैनेडा में फर्स्ट पीपुल्स के बारे में सटीक सामग्री के लिए आह्वान को लेकर एक प्रतिक्रिया है। 2018 में, द इंडीजिनस एंड न्यूकमर यूथ डायलॉग्स प्रोजेक्ट दोनों समुदायों के युवाओं को क्वांटलेन फर्स्ट नेशन तक लाया ताकि उनके अपने जीवंत अनुभवों के बारे में जाना जा सके और उनके साथ एकजुटता पैदा की जा सके। इस तरह की बातचीत से, नवागंतुक युवाओं ने बताया कि इंडीजिनस लोगों के बारे में गलत धारणाएं कैनेडा में आने के तत्काल बाद सामान्य तौर पर बन (अधिग्रहीत हो) जाती हैं। यह प्रदर्शित करता है कि इंडीजिनस लोगों के प्रति भेदभाव करना कैनेडा में प्रचलन में है और इसे समय रहते पूर्ण सक्रियता से संबोधित किये जाने की आवश्यकता है।

इस सामग्री में हम परंपरागत प्रोटोकॉल, इतिहास, और कैनेडा के इंडीजिनस, मेटिस और इनुइट लोगों की वर्तमान वास्तविकताओं के बारे में जानकारी देंगे, और इस भूमि के फर्स्ट पीपुल के बारे में सामान्य तौर पर पाई जाने वाली गलत धारणाओं को संबोधित करेंगे। सामुदायिक-केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाकर, यह दस्तावेज़ सरी पर बसे हुए भूमि-आधारित नेशंस की आवाजों को सुनाना और बढ़ाना चाहता है। यह सामग्री कठोर वास्तविकताओं को उजागर करेगी, भागीदारी भरी समझ की नींव का निर्माण करेगी, और सरी में इंडीजिनस और नवागंतुक समुदायों के बीच एकजुटता का निर्माण करने का महत्वूपर्ण कार्य करेगी।

2014 में, वैंकूवर सिटी ने नवागंतुकों के लिए फर्स्ट पीपुल्स दिशानिर्देशिका जारी की थी। इस विस्तृत रिपोर्ट में कैनेडा के इंडीजिनस, मेटिस और इनुइट लोगों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रस्तुत की गयी थी। लेखक कोरी विल्सन, अब ब्रिटिश कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीसीआईटी) में इंडीजिनस इनिशिएटिव्स एंड पार्टनरशिप्स की कार्यकारी निर्देशक हैं। कोरी ने इंडीजिनस अवेयरनेस मॉड्यूल्स नामक एक नि:शुल्क, संवादमूलक, ऑनलाइन पाठ्यक्रम तैयार किया है। यह रिपोर्ट यह सुनिश्चित करने के लिए कोरी के काम का संदर्भ देगी कि हम अपने प्रयासों को दोगुना नहीं कर रहे हैं और हम स्थानीय, भूमि-आधारित अगुवाओं और समुदाय के सदस्यों की आवाज उठाने के लिए स्थान बना रहे हैं। लेखकों ने इंडीजिनस लोगों के बारे में गुणवत्तापूर्ण सामग्री तैयार करने के लिए वर्षों तक किए गए समर्पित कार्यों को लेकर कोरी की सराहना की है। हम आशा करते हैं कि हम उन लेखकों, ज्ञान को संभाल कर रखने वालों और अगुवाओं का सम्मान करेंगे जिन्होंने यह काम बहुत अच्छे तरीके से प्रस्तुत किया है।

बीसीआईटी के नि:शुल्क, संवादमूलक इंडीजिनस अवेयरनेस मॉड्यूल्स का उपयोग करने के लिए यहां दिए लिंक का उपयोग करें: https://www.bcit.ca/indigenous-services/resources/ indigenous-modules/

कोरी विल्सन की पुलिंग टुगेदर फाउंडेशन गाइड पढ़ने के लिए इस लिंक का प्रयोग करें: https://opentextbc.ca/indigenizationfoundations/

यह सामग्री सरी अरबन इंडीजिनस लीडरशिप कमेटी (एसयूआईएलसी SUILC) द्वारा पिछले पांच वर्षों में किए गए व्यापक शोध को संदर्भित करेगी। कमेटी स्थानीय इंडीजिनस और गैर-इंडीजिनस संगठनों का एक गठबंधन है जिनका सरी की इंडीजिनस आबादी से महत्वपूर्ण संबंध है। एसयूआईएलसी के शोध और पहल ने सरी में इंडीजिनस समुदाय के बारे में महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्रदान किए हैं। यह काम स्थानीय, इंडीजिनस और मेटिस ज्ञान का उत्थान करता है, जो इस समुदाय की आवश्यकताओं की वकालत करता है।

एसयूआईएलसी(SUILC) ने ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत को सौंपी अपनी रिपोर्ट में चार प्राथमिकताओं को रेखांकित किया है:

1. शहरी इंडीजिनस बाल गरीबी को कम करना;
2. अधिक इंडीजिनस आवास के विकल्प बनाना;
3. सामुदायिक और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना करना;
4. इंडीजिनस-विरोधी नस्लवाद को संबोधित करना।

सरी फर्स्ट पीपुल्स गाइड एक समुदाय-केंद्रित पद्धति का उपयोग करेगी जो भूमि-आधारित नेशंस, शहरी आबादी और इंडीजिनस प्रतिभाओं की कहानियों को प्रस्तुत करेगी। सरी में रहने वाले इंडीजिनस लोगों के लिए इंडीजिनस-विरोधी नस्लवाद एक आम अनुभव है। नस्लवाद और पूर्व धारणा स्वास्थ्य, न्याय, शिक्षा और सामाजिक सेवाओं सहित जीवन के कई क्षेत्रों में इंडीजिनस लोगों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। जब इन नस्लीय धारणाओं का सामान्यीकरण होता है, तो इंडीजिनस लोगों को अपने ही समुदायों में अधिक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इन रूढ़ियों और सामान्यीकृत पूर्वाग्रहों को सक्रिय रूप से समाप्त करने से यह सुनिश्चित होगा कि सरी में इंडीजिनस, मेटिस और इनुइट लोग औपनिवेशिक कष्ट से मुक्त रहें।

परिभाषाएं

एबऑरिजिनल (सं.):

एबऑरिजिनल: संविधान अधिनियम, 1982 की धारा 35 (2) में इंडियन, इनुइट, मेटिस को एबऑरिजिनल लोगों में शामिल करने के लिए परिभाषित किया गया है। इंडीजिनस और एबऑरिजिनल दोनों फर्स्ट नेशंस, इनुइट और मेटिस के लिए सामूहिक संज्ञा हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि शब्दावली के लिए अक्सर क्षेत्रीय और व्यक्तिगत प्राथमिकताएं होती हैं।

आदिवासी अधिकार और भूमि अधिकार(सं.):

“सामूहिक अधिकार हैं जो उस साधारण तथ्य से प्रवाहित होते हैं कि अनादि काल से इंडीजिनस लोग इस भूमि पर निरंतर बसते रहे हैं जिसे अब कैनेडा कहा जाता है। इंडीजिनस अधिकार गैर- इंडीजिनस कैनेडावासियों के अधिकारों से भिन्न हैं और उन्हें समाप्त नहीं किया जा सकता, कानूनन छीना या "वापस नहीं" लिया जा सकता है।

कैनेडा का कानून एबऑरिजिनल अधिकारों और भूमि अधिकारों को संविधान अधिनियम, 1982 की धारा 35 के तहत मान्यता देता है और उनकी रक्षा करता है। धारा 35 इस प्रकार है:

35. (1) कैनेडा के एबऑरिजिनल लोगों के मौजूदा एबऑरिजिनल और संधि अधिकारों को मान्यता दी गई है और पुष्टि की गई है।"

"एबऑरिजिनल अधिकार भूमि पर अंतर्निहित इंडीजिनस अधिकार है। यह भूमि का एबऑरिजिनल अधिकार है जबकि एबऑरिजिनल अधिकार भूमि का उपयोग और उस पर बसने का अधिकार है। वे दोनों संविधान अधिनियम, 1982 की धारा 35 के तहत संरक्षित हैं। 1982 से, एबऑरिजिनल भूमि अधिकार और अधिकारों का अर्थ और सीमा कैनेडा में बहुत अधिक इंडीजिनस मुकदमे का विषय रहा है।"

उपनिवेशवादियों का आगमन या प्रथम आगमन (सं.):

उपनिवेशवादियों के आगमन से पहले, इंडीजिनस लोग उन तमाम इलाकों में जटिल, स्व-शासित नेशंस में संगठित थे, जिसे अब उत्तरी अमेरिका कहा जाता है। "आगमन" या "खोज" की अवधारणा असम्मत है, क्योंकि इंडीजिनस लोग टर्टल आइलैंड पर हजारों वर्षों से मौजूद थे।

आत्मसात (क्रि.), आत्मसातीकरण (सं.):

" उपनिवेशवादियों की संस्कृति को अपनाने और अपनी संस्कृति, भाषा और जीवन के तौर-तरीकों को त्यागने के लिए उन्हें प्रोत्साहित या मजबूर करना।"

कोस्ट सैलिश (सं.):

"कोस्ट सैलिश, ब्रिटिश कोलंबिया और उत्तर-पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले पेसिफिक नॉर्थवेस्ट के जातीय और भाषाई रूप से संबंधित इंडीजिनस लोगों के समूह के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। कोस्ट सैलिश क्षेत्र कैनेडा-अमेरिका की सीमा को जॉर्जिया की खाड़ी के उत्तरी भाग से ओरेगन तक फैलाता है, और वैंकूवर द्वीप के निचले आधे और पूर्वी हिस्से, सभी लोअर मेनलैंड और पुगेट साउंड और ओलंपिक प्रायद्वीप के अधिकांश हिस्सों तक फैला हुआ है।
2010 में जलडमरूमध्य ऑफ जॉर्जिया, जॉर्जिया की खाड़ी, जुआन डी फुका के जलडमरूमध्य और पुगेट साउंड के जल क्षेत्रों को मिलाकर, आधिकारिक तौर पर उन फर्स्ट पीपुल्स के सम्मान में एक नया नाम सैलिश सी दिया गया जो उन तटों पर रहते थे।

उपनिवेश (क्रि.), औपनिवेशीकरण (सं.):

"औपनीवेशीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जहां लोगों का एक समूह दूसरे समूह के क्षेत्र या इलाके में जाता है और अंततः उन इलाकों पर हावी हो जाता है और वहां रहने वाले लोगों के जीवन को बदल देता है। पूरी दुनिया में औपनिवेशीकरण हुआ है: उत्तरी अमेरिका में ब्रिटिश और फ्रांसीसी; भारत में ब्रिटिश; दक्षिण अफ्रीका में डच; लैटिन अमेरिका में स्पेनिश; और ब्राजील में पुर्तगाली। आज कई इंडीजिनस समूह औपनिवेशीकरण के प्रभावों के साथ जी रहे हैं और आत्म-निर्णय के लिए संघर्ष कर रहे हैं।”

"औपनिवेशीकरण तब होता है जब एक नया समूह किसी इंडीजिनस समूह पर नियंत्रण कर लेता है। उपनिवेशवादी अपने स्वयं के सांस्कृतिक मूल्यों, धर्मों और कानूनों को लागू करते हैं, और ऐसी नीतियां बनाते हैं जो उनके पक्ष में और इंडीजिनस लोगों के खिलाफ होती हैं। वे भूमि पर कब्जा करते हैं और संसाधनों और व्यापार तक पहुंच को नियंत्रित कर लेते हैं। परिणामस्वरूप, इंडीजिनस लोग उपनिवेशवादियों पर निर्भर हो जाते हैं।"

संस्कृति (सं.):

"एक समुदाय की विश्वदृष्टि और भूमि के साथ अनूठे संबंध की अभिव्यक्ति। कैनेडा भर में इंडीजिनस विविध संस्कृतियां हैं, लेकिन उनमें समानताएं हैं। परंपरागत रूप से, उनके समाज सांप्रदायिक थे: प्रत्येक सदस्य की भूमिका और जिम्मेदारियां थीं, पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता थी, प्रकृति को महत्व दिया गया था, और जीवन एक चक्र में चलता था।”



मताधिकार (सं.):

मताधिकार किसी व्यक्ति के इंडीजिनस दर्जे और इस दर्जे के अधिकारों को समाप्त करने और पूर्ण कैनेडियन नागरिकता प्रदान करने के लिए एक कानूनी प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया 1857 के ग्रेजुअल सिविलाइजेशन एक्ट के तहत प्रारंभ में स्वैच्छिक थी और 1876 के इंडियन एक्ट के तहत वैधानिक रूप से अनिवार्य हो गयी, जो 1961 तक लागू था। मताधिकार का उद्देश्य 'सभ्य' हो गये लोगों और समुदाय में रहने वाले लोगों को बसावट वाले समाज में आत्मसात करना था और इसका अर्थ था कि इंडीजिनस पुरुष (आवंटित रिजर्व भूमि से ली गयी) संपत्ति के मालिक हो सकते थे और प्रांतीय तथा संघीय चुनावों में मतदान कर सकते थे (इंडीजिनस महिलाओं को उस समय कोई कानूनी अधिकार नहीं दिया गया था)। मताधिकार 1985 तक जारी रहा, ऐसे मामलों में, यदि कोई इंडीजिनस महिला गैर- इंडीजिनस व्यक्ति से विवाह करती थी, तो वह अपना दर्जा खो बैठती थी।

मताधिकार के साथ, दर्जा धारक अपना दर्जा खो बैठता था यदि वह:

- कैनेडा सशस्त्र बल में अपनी सेवा दे

- कॉलेज या विश्वविद्यालय की डिग्री हासिल कर ले

- लंबी अवधि के लिए अपने रिजर्व को छोड़ दे, उदाहरण के लिए रोजगार के चलते

- विधिवत पादरी बन जाए

- पेशेवर बन जाए, उदाहरण के लिए डॉक्टर या वकील

अगुवा (सं.):

“इंडीजिनस संस्कृतियों में, अगुवाओं को महत्व दिया जाता है और उनका सम्मान किया जाता है। अगुवा का अर्थ कोई बूढ़ा या वरिष्ठ व्यक्ति नहीं, बल्कि, वे आमतौर पर ऐसे व्यक्ति होते हैं जो अपनी संस्कृति के इतिहास, मूल्यों और शिक्षाओं के बारे में बहुत जानकार होते हैं। वह इन मूल्यों और शिक्षाओं के अनुसार अपना जीवन जीते हैं।

अपने ज्ञान, बुद्धिमत्ता और व्यवहार के चलते, अगुवा समुदाय के सभी सदस्यों के लिए मूल्यवान अनुकरणीय व्यक्ति और शिक्षक हैं। मौखिक इतिहास को आगे बढ़ाने की परंपरा को बनाए रखने में अगुवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।"

फर्स्ट नेशन (सं.):

"कैनेडा में, फर्स्ट नेशंस शब्द का इस्तेमाल उन लोगों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है जो इंडीजिनस हैं और जिनकी पहचान इनुइट या मेटिस के रूप में नहीं की जाती। अतीत में, फर्स्ट नेशंस लोगों को "इंडियन" कहा जाता था। पूरे कैनेडा में 634 फर्स्ट नेशंस और 60 से अधिक विशिष्ट नेशंस हैं।

फर्स्ट नेशंस आज "इंडियन" शब्द के बजाय स्वीकृत शब्द है जिसे आक्रामक औपनिवेशिक शब्द माना जाता है।

इंडीजिनस (सं., विशे.):

"इंडीजिनस एक ऐसा शब्द है जिसे कैनेडा में अधिक से अधिक कहा-सुना जा रहा है। इसका प्रयोग एबऑरिजिनल के समानार्थी रूप में किया जा रहा है, और यह अधिमानित शब्द है। इंडीजिनस और एबऑरिजिनल दोनों फर्स्ट नेशंस, इनुइट और मेटिस के लिए सामूहिक संज्ञाएं हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि शब्दावली के लिए अक्सर क्षेत्रीय और व्यक्तिगत प्राथमिकताएं होती हैं।"

इंडियन (सं.; विशे.), इंडियन दर्जा (सं.):

नहीं, "इंडियन" शब्द का उपयोग करना ठीक नहीं है। कैनेडा में "इंडियन" शब्द का प्रयोग पुराना और आक्रामक माना जाता है।

हालांकि, यह शब्द अभी भी इंडियन एक्ट और संविधान अधिनियम (1982) जैसे कानूनी दस्तावेजों में प्रचलन में है। इंडियन एक्ट के तहत इंडियन दर्जे वाले फर्स्ट नेशंस व्यक्ति के बारे में बात करने के लिए "इंडियन" शब्द का प्रयोग किया जाता है। इंडियन एक्ट परिभाषित करता है कि कौन इंडियन है और कौन इंडियन नहीं है। इस दर्जे वाले लोगों के पास कार्ड होते हैं जो "उनके इंडियन दर्जे को प्रमाणित करते हैं"।

इंडियन एक्ट (सं.):

इंडियन एक्ट फर्स्ट नेशंस लोगों को जल्द से जल्द यूरोपीय समाज में आत्मसात करने का एक और प्रयास था। ब्रिटिश नॉर्थ अमेरिका एक्ट (1867) की धारा 91 (24) के तहत, संघीय सरकार को "इंडियंस और इंडियंस के लिए रिजर्व भूमि" पर अधिकार क्षेत्र या नियंत्रण दे दिया गया था।

इनुइट (सं.; विशे.):

"इनुइट कैनेडा, ग्रीनलैंड और अलास्का के उत्तरी क्षेत्रों में रहने वाले इंडीजिनस लोगों का एक समूह है। इनुइट हजारों वर्षों से आर्कटिक में रहते और फलते-फूलते चले आ रहे हैं। परंपरागत रूप से वे व्हेल, सील, कैरिबू, मछलियों और पक्षियों जैसे भू-संसाधनों पर अपना जीवन-यापन करते रहे हैं। कई इनुइट आज भी इन संसाधनों पर ही निर्भर हैं।"

*ऐतिहासिक रूप से इनुइट को "एस्किमोज" के रूप में संदर्भित किया गया था, लेकिन यह शब्द न तो सटीक है और न ही सम्मानजनक है, और इसका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।"

भूमि पर दावा (सं.):

"कैनेडा सरकार आधिकारिक तौर पर आधुनिक संधियों को कॉम्प्रिहैंसिव लैंड क्लेम्स कहती है।"

मौखिक परंपरा (सं.):

"इंडीजिनस लोग मौखिक कहानियों के माध्यम से मूल्यों और इतिहास को अगली पीढ़ी तक पहुंचाते रहे हैं। मौखिक इतिहास और कहानियां पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होती रही हैं और इंडीजिनस पहचान और संस्कृति को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। आने वाली पीढ़ियों तक जानकारी को जीवित रखने के लिए लोग अपने इतिहास और कहानियों को दोहराते रहे हैं। अक्सर यह प्रत्येक समुदाय के भीतर विशेष लोगों की भूमिका होती है कि वे मौखिक इतिहास को बहुत सावधानी से याद करें। इन लोगों को अक्सर साक्षी कहा जाता है।”

रिजर्व (सं.):

"वह भूमि जो किसी इंडियन समुदाय के उपयोग और लाभ के लिए संघीय सरकार द्वारा अलग की गई है।"

सभी इंडीजिनस लोग रिजर्व इलाकों में नहीं रहते हैं। 2011 में, फर्स्ट नेशंस लोगों के आंकड़े निम्नानुसार थे जिन्होंने रजिस्टर्ड इंडियन होने की सूचना दी थी:

- 49.3% (637,660) कैनेडा में रिजर्व में रहते थे
- क्यूबेक में, 72% रिजर्व में रहते थे, जो अन्य प्रांतों में सबसे अधिक अनुपात था
- न्यू ब्रंसविक में, 68.8% रिजर्व में रहते थे
- नोवा स्कोशिया में, 68% रिजर्व में रहते थे
- ओंटारियो में, 37.0% रिजर्व में रहते थे
- न्यूफाउंडलैंड और लैब्राडोर में 35.1% रिजर्व में रहते थे

कई फर्स्ट नेशंस लोग अपनी रिजर्व में रहना पसंद करेंगे लेकिन कई कारण हैं कि वे ऐसा नहीं कर पाते - अक्सर पर्याप्त घर नहीं होते, रिजर्व भूमि उनके रोजगार स्थल से बहुत दूर हैं, या वहां बुनियादी सुविधाएं अपर्याप्त है।

आत्म-निर्णय (सं.):

यूनाइटेड नेशंस डिक्लेयरेशन ऑन राइट्स ऑफ इंडीजिनस पीपुल्स में आत्म-निर्णय का अधिकार शामिल है। असेंबली ऑफ फर्स्ट नेशंस ने आत्म-निर्णय को किसी भी देश द्वारा अपनी सरकार चुनने और अपने स्वयं के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को तय करने के अधिकार के रूप में वर्णित किया है। आज, इंडीजिनस लोग आत्मनिर्णय के लिए एबऑरिजिनल अधिकारों और स्वामी होने के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं और इस भूमि के धन और संसाधनों से लाभान्वित हो रहे हैं जिसे अब कैनेडा कहा जाता है।

उपनिवेशी-उपनिवेशवाद (सं.):

सबसे पहले, बसने वाले उपनिवेशवादी "रहने के लिए आते हैं": व्यापारियों, सैनिकों या गवर्नरों जैसे औपनिवेशिक एजेंटों के विपरीत, बसने वाले संगठन इंडीजिनस भूमि पर स्थायी रूप से कब्जा करने और संप्रभुता का दावा करने का इरादा रखते हैं।

दूसरा, उपनिवेशी आक्रमण एक संरचना है, घटना नहीं: उपनिवेशी उपनिवेशवाद इंडीजिनस आबादी के निरंतर उन्मूलन, और देश की संप्रभुता और उनकी भूमि पर न्यायिक नियंत्रण के दावे में बनी हुई है। 2009 में स्टीफन हार्पर ने कहा, "कैनेडा का उपनिवेशवाद का कोई इतिहास नहीं है।" इस कथन की व्यापक रूप से आलोचना की गई क्योंकि

1) कैनेडा सरकार ने 2008 में रेजिडेंशियल स्कूल सिस्टम के लिए माफी जारी की थी

2) कैनेडा में उपनिवेशवाद अभी भी मौजूद है और चल रहा है। इंडीजिनस लोग आज भी जारी अन्यायपूर्ण कानूनों के प्रभावों को महसूस करते हैं। उपनिवेशवाद का दौर बीत जाने की धारणाओं के बावजूद, उपनिवेशवादी औपनिवेशिक समाज राजनीतिक निष्ठा प्राप्त होने पर औपनिवेशिक होना बंद नहीं करते हैं।

तीसरा, उपनिवेशी उपनिवेशवाद अपना अंत स्वयं चाहता है: अन्य प्रकार के उपनिवेशवाद के विपरीत, जिसमें लक्ष्य औपनिवेशिक संरचनाओं और उपनिवेशवादियों और उपनिवेशों के बीच सत्ता में असंतुलन को बनाए रखना है, उपनिवेशवादी उपनिवेशवाद एक सर्वोच्च और निर्विवाद बसने वाले देश और लोगों के रूप में औपनिवेशिक अंतर को समाप्त करने की दिशा में होता है। हालांकि, इंडीजिनस लोगों के भूमि पर दावों के द्वारा उपनिवेशी संप्रभुता, स्वयं इंडीजिनस लोगों को समाप्त करके और उपनिवेशी झूठे आख्यानों और संरचनाओं पर जोर देकर यह उपनिवेश समाप्त करने का अभियान नहीं है।

स्टेटस और गैर-स्टेटस वाले इंडियन (सं.):

"स्टेटस इंडियन" (या "रजिस्टर्ड इंडियन") एक ऐसा व्यक्ति है जिसे संघीय सरकार द्वारा "इंडियन" के रूप में इंडियन एक्ट के तहत पंजीकृत होने का पात्र माना जाता है।

"गैर-स्टेटस वाले इंडियन" वे लोग हैं जिनकी पहचान फर्स्ट नेशंन (इंडियन) के रूप में की जाती है, लेकिन जो इंडियन एक्ट के अनुसार इंडियन रजिस्टर पर पंजीकरण के हकदार नहीं हैं। कुछ के पास फर्स्ट नेशन की सदस्यता भी हो सकती है।

संप्रभुता (सं.):

"ऐतिहासिक रूप से, फर्स्ट नेशंस ने अपनी सरकारों, कानूनों, नीतियों और प्रथाओं के अनुरूप अपनी भूमि और संसाधनों का प्रबंधन किया है। उनके समाज बहुत जटिल थे और इसमें व्यापार और वाणिज्य, संबंध बनाने, संसाधनों के प्रबंधन और आध्यात्मिकता के लिए व्यवस्थाएं शामिल थीं। ”

संधियां (सं.):

प्रारंभिक बसने वालों ने "संधिओं को एक ऐसी प्रक्रिया के रूप में देखा जिससे गैर-इंडीजिनस लोगों और सरकारों को इंडीजिनस भूमि का स्वामित्व और नियंत्रण स्थानांतरित किया जा सकता था।"

"फर्स्ट नेशंस के साथ संधियों पर हस्ताक्षर करने में, ब्रिटिश सरकार, उसके बाद कैनेडा सरकार (1867 के बाद) ने संधियों को क्राउन को भूमि स्वामित्व के हस्तांतरण के पूरा होने के रूप में देखा।"

"फर्स्ट नेशंस ने संधियों पर हस्ताक्षर करते समय खुद को समान भागीदार (राष्ट्र) के रूप में देखा और मान लिया कि संधियों के तहत उनके जीवन के तौर-तरीके नहीं बदलेंगे और उनके पारंपरिक क्षेत्रों तक उनकी पहुंच बनी रहेगी।"

टेरा नलियस (सं.):

"जिन स्थानों पर उपनिवेशवादी अभी नहीं पहुंचे थे, यूरोपीय मानचित्र निर्माताओं ने उन स्थानों को नक्शे पर भविष्य में डाले जाने वाले स्थानों के रूप में चिह्नित किये जाने के बजाय उन्हें रिक्त स्थानों के रूप में प्रदर्शित किया, उन्होंने इस स्थानों को ऐसे खाली स्थानों के तौर पर देखा जिनपर अभी बसावट की जानी थी। जब यूरोपीय लोग नॉर्थ अमेरिका पहुंचे, तो उन्होंने इन स्थानों को टेरा नलियस या "किसी की भूमि नहीं" के रूप में माना। उन्होंने इस तथ्य को साफ नजरअंदाज कर दिया कि इंडीजिनस लोग अपनी संस्कृतियों और सभ्यताओं के साथ हजारों वर्षों से इन स्थानों में रह रहे थे। नवागंतुकों के लिए, यह जमीनें उनकी थीं जहां उन्हें अपने उपनिवेश बनाने थे। जैसे-जैसे समय बीतता गया, नवागंतुकों ने उस भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया जो इंडीजिनस लोगों के पारंपरिक क्षेत्रों का हिस्सा था, जो नए लोगों के आने से बहुत पहले इस भूमि पर रह रहे थे।”

पारंपरिक क्षेत्र (सं.):

“वह भूमि जिस पर कोई फर्स्ट नेशन अनादि काल से रहता चला आ रहा है या उपयोग करता रहा है। उनका इस भूमि से प्रारंभिक पवित्र, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध है। यह वह भौगोलिक क्षेत्र है जिसे फर्स्ट नेशंस ने एक ऐसे स्थान के रूप में पहचान की थी जहां वे और/अथवा उनके पूर्वज परंपरागत रूप से बसे थे और इस्तेमाल करते रहे थे। अक्सर इन इलाकों के हिस्सों की दूसरे पड़ोसी नेशंस के साथ साझीदारी कर ली जाती थी।”

कहानियां
भूमि आधारित नेशंस की

सेमियाहमू फर्स्ट नेशन के चीफ हार्ली चैपल

आपका दिन शुभ हो। मेरा पारंपरिक नाम जोपोक्टन है और मेरा अंग्रेजी नाम हार्ली चैपल है। मैं सेमियामहू फर्स्ट नेशन का निर्वाचित नेता हूं (यह उन पारंपरिक क्षेत्रों में से एक है जहां सरी बसा हुआ है)। जब हम उस दौर की बात करते हैं जब सेमियाहमू के इंडीजिनस लोगों का बाहरी सभ्यता के लोगों से संपर्क नहीं हुआ था, तो हमें उस बात को उसी संदर्भ में रखना होगा। जब हम अपनी बाढ़ की कहानी के बारे में बात करते हैं तो यह हमारे उद्गम की कहानी नहीं है, क्योंकि हमारे उद्गम की कहानी, हमारी बाढ़ की कहानी से भी पुरानी है। हम स्वयं को ज्लाक्तुमुश लोग कहते हैं, जिसका अर्थ "महान बाढ़ से बचे लोग" है।

मैं अपनी बात अंग्रेजी शब्द- कहानी, से शुरू करूंगा। जब हम "कहानी" शब्द बोलते हैं, तो एक भ्रम या गलतफहमी होती है कि हमारी कहानियां काल्पनिक हैं। लेकिन हम उन्हें जोल जोल (मौखिक परंपरा) कहते हैं। हम जोल जोल को अपना प्राचीन इतिहास कहते हैं जो मौखिक परंपरा के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होता रहा है।

ये कहानियां नहीं हैं। जब सेमियाहमू लोग हमारे इतिहास में जाते हैं, हम बाढ़ से भी पहले के समय में वापस जाते हैं, बल्कि उससे थोड़ा और अतीत में जाते हैं। यहां तक कि हमारे पास मौखिक परंपरा है, उस समय का मौखिक इतिहास है जब दुनिया अलग थी। यह एक ऐसा समय था जब मनुष्य, जीव-जंतु और प्रकृति एक दूसरे से बहुत अधिक जुड़े हुए थे।
मैं एक बार एक समूह के साथ काम कर रहा था जब किसी ने मुझसे कहा "पता है , आप काफी बुद्धिमान व्यक्ति लग रहे हैं, आप इस पर कैसे विश्वास कर सकते हैं?" मैं इसे इस तरह समझाऊंगा: मैंने उन सज्जन से पूछा, "क्या आप अपने दादा-दादी से प्यार करते हैं?" और उन्होंने कहा, "हां, बिल्कुल!" मैंने कहा, "क्या आपको लगता है कि आपके दादा-दादी आपसे झूठ बोलेंगे और आपको गलत रास्ते पर डाल देंगे?" वे बोले, "बिल्कुल नहीं।" मैंने उनसे सहमति जताई। "मुझे विश्वास नहीं है कि हमारे पूर्वजों ने हमें झूठ, या कपट का रास्ता दिखाया होगा।"

हमारी मौखिक परंपराओं में हमारा इतिहास छिपा हुआ है, हमारे रीति-रिवाजों, हमारी प्रथाओं और हमारे नियमों,हमारे समारोह के माध्यम से और हमारी भूमि, हमारे क्षेत्रों के साथ हमारे संबंधों के माध्यम से जोड़ा हुआ है, और यह हमारे संबंध को उस आदि काल से जोड़ कर रखता है। और मैं इसे साझा करता हूं क्योंकि एक नये प्रमुख के रूप में, मैं कहता हूं कि हमें वह विश्वास बनाए रखना होगा, हमें अपने इतिहास में विश्वास बनाए रखना होगा, इसे स्वीकार करना और समझना होगा। यह मात्र इतना सा सरल वाक्यांश है, "आप नहीं जानते कि आप कहां जा रहे हैं, यदि आप इस बात को ही नहीं जानते कि आप कहां पर थे।"

इसलिए, जब हम अपनी उत्पत्ति और प्रकृति के साथ हमारे संबंध और जीव-जंतुओं के साथ हमारे संबंध, और समुद्री जीवन के बारे में बात करते हैं, तो हम मूल शब्द को भी समझने लगते हैं कि हम, "सेमियाहमू" लोगों के रूप में कौन हैं। सेमियाहमू का अर्थ है "लोगों का स्थान।" हम भी एक्सवल्मक्स (भूमि के लोग) हैं। इसलिए, जब हम सेमियाहमू और एक्सवेल्मक्स कहते हैं - हम समझते हैं कि हम कौन हैं और हम कहां से आए हैं।

इंडीजिनस लोगों के रूप में, हमें इस मूलभूत विश्वास प्रणाली को समझने की आवश्यकता है। हमें कुछ कदम पीछे जाने की जरूरत है ... और पश्चिमी और इंडीजिनस विश्वदृष्टि के बीच भिन्नताओं को स्वीकार करने की जरूरत है। जब हमारी पृथ्वी, जलमार्गों और भूभागों की सुरक्षा की बात आती है, संसाधनों और भूभागों के उपभोग की बात आती है और हमें क्यों और कैसे इसे करना चाहिए, तो वर्तमान में हमारी मुख्य चुनौती पश्चिमी और इंडीजिनस विश्वदृष्टि में मतभेद हैं।

> “आप नहीं जानते
> कि
> आप कहां जा रहे हैं
> यदि आप नहीं जानते
> कि
> आप कहां से आए हैं

एक्सओपोक्टोन, चीफ हार्ली चैपल

क्वांटलेन फर्स्ट नेशन की चीफ मर्लिन गैब्रियल

क्वांटलेन फर्स्ट नेशन की चीफ मर्लिन गैब्रियल

क्वांटलेन क्षेत्र में 10,000 लोग थे। चेचक और अन्य तबाहियों के बाद क्वांटलेन की आबादी घटकर मात्र 69 रह गई। अब क्वांटलेन में 310 लोग हैं। हम इस संख्या को और बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। हममें से एक अगुवा हमारे लोगों के लिए उनके स्टेटस को वापस पाने और उनकी घर वापसी के लिए संघर्षरत है। यह हमारे लोगों की गलती नहीं है कि वे घर पर नहीं रह सकते। हम खुली बांहों, खुले दिलो-दिमाग से सभी का घर में स्वागत करने की कोशिश करते हैं। मेरे दिवंगत पिता ने 11 जून, 1993 को मेरी बेटी ट्रिसिया के जन्मदिन पर मुझे अगुवा नियुक्त किया। हमारे खेल के मैदान पर एक बड़ी सभा का आयोजन किया गया था। वे मेरे पिता को ग्रैंड चीफ, ग्रैंड चीफ जो गैब्रियल की उपाधि प्रदान कर रहे थे। उन्होंने एक बड़ी सभा का आयोजन किया था और मेरे पिता स्वस्थ नहीं थे। उनका स्वास्थ्य पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं चल रहा था। लेकिन उन्होंने कहा, "तुम मेरे साथ नीचे आओ पर तुम्हें काम भी करना पड़ेगा।" उस दिन की बात हो, चाहे आज की ही बात हो, समुदाय में अगुवा बनना वास्तव में कठिन है। कभी-कभी ये कोई अच्छी बात भी नहीं होती।

मैं पहाड़ी से नीचे खेत की ओर अपने पिता को उनकी व्हीलचेयर में ला रहा था। खेत में प्रवेश करने से ठीक पहले, मेरे पिता ने मुझसे कहा, "तुम बनने जा रहे हो।" [मैं चीफ बनने जा रहा था।]

मैंने मानों कहा, "क्या?!"

उन दिनों, "अगुवा" या "चीफ" शब्द कोई अच्छा शब्द नहीं था। यह लगभग एक गाली जैसा ही था। हम जो थे, उस पर हमें गर्व महसूस नहीं होता था। कोई भी चीफ नहीं बनना चाहता था, और हम मानों किसी गर्म आलू की तरह इस पदवी को हस्तांतरित करते थे।!

मैं अपने 9 भाई-बहनों में बीच का हूं। जब मैं उन्हें पहाड़ी से नीचे ला रहा था, मैंने कहा "पिताजी, आप जानते हैं कि आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है! आप इसे मेरे भाई-बहनों को दे सकते हैं।" उन्होंने कहा, "चुप रहो और मुझे पार्क तक ले चलो, मैंने तुम्हें चुन लिया है! और अब हमें चुप हो जाना चाहिए और अब अपने काम पर लग जाना चाहिए।"

मुझे याद है कि मैं सभा में कृतज्ञ महसूस कर रहा था। यह समारोह मेरे दिवंगत पिता और चाचा के सम्मान में था क्योंकि उन्होंने नेशन के लिए 30 से अधिक वर्षों की सेवा दी थी। उन्होंने यह काम ऐसे समय में किया जब कहीं न तो फंडिंग थी,और ना कहीं कोई धन न था। मेरे दिवंगत पिता एक व्यावसायिक मछुआरे थे। उन्होंने और मेरी मां ने अपना अधिकांश धन हमारे नेशन को चलाने के लिए इस्तेमाल किया। उस समय, उन्हें किसी भी चीज के लिए कोई भुगतान नहीं मिलता था, यह केवल अपने लोगों के प्रति उनका कर्तव्य था।

क्रिसमस के समय, [समुदाय के] लोग कहते थे, "यदि आपके पिता ने यह सब नहीं किया होता, तो हम अभी भी यहां [क्वांटलेन पर] नहीं होते।" क्रिसमस पर, मेरा परिवार अपने कुछ मवेशियों को मार कर उन्हें समुदाय के सदस्यों को दे देता था। हमें परिवारों के लिए फ्रीजर भी खरीदने पड़े क्योंकि उस समय लोगों के पास सर्दियों के लिए भोजन जमा करने का कोई साधन नहीं था।

मेरे पिता ने दया और उदारता के साथ नेतृत्व किया। मैंने उन्हें देखकर यह सीखा और मैं क्वांटलेन में अपने नेतृत्व में इन मूल्यों को बनाये रखना चाहता था। उदारता, सम्मान और हमारी संस्कृति के सम्मान पर आधारित नेतृत्व।”

प्रोटोकॉल

प्रोटोकॉल जटिल इंडीजिनस कानून व्यवस्थाओं का हिस्सा हैं। पारंपरिक कानून और प्रोटोकॉल एक नेशन से दूसरे नेशन में भिन्न-भिन्न होते हैं। प्रोटोकॉल में यह स्पष्ट किया जाता है कैसे भूमि-आधारित नेशंस समारोह आयोजित करते हैं, मेहमानों का स्वागत करते हैं, अपने पूर्वजों का सम्मान करते हैं और दूसरे नेशंस की भूमि पर जाने पर कैसे आदर सत्कार किया जाता है। हालांकि इनमें विविधता है, ये कानून व्यवस्थाएं बाहरी लोगों के आगमन से हजारों वर्षों पूर्व से चली आ रही हैं। प्रोटोकॉल ऐसे कार्यकलाप हैं जो भिन्न-भिन्न नेशंस के बीच सम्मानजनक संबंध सुनिश्चित करते हैं। उदाहरण के लिए, जब कोई पड़ोसी जनजाति सेमियामहू आएगी, तो वे अपनी नावों को तट पर मोड़ देंगे। यह इस बात का संकेत है कि वे नेशन के गांव में सम्मान और कभी-कभी उत्सव की भावना के साथ प्रवेश कर रहे हैं। अतिथियों का तट पर स्वागत करने के लिए गीत गाए जाते हैं (चैपल, 2021)। आज, आमतौर पर देखे जाने वाले प्रोटोकॉल के रूप में क्षेत्रीय स्वीकृति प्रस्तुत करना है।

इंडियन एक्ट कैनेडा में इंडीजिनस समुदायों को आत्मसात करने का एक उपकरण था। औपनिवेशीकरण के दौरान, सांस्कृतिक प्रथाओं में अंतर्निहित प्रोटोकॉल और इंडीजिनस कानून व्यवस्था को इंडियन एक्ट द्वारा 1884 से 1951 तक गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। अपने पारंपरिक प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पकड़े जाने पर इंडीजिनस लोगों को अक्सर गिरफ्तार कर लिया जाता था। इस निषेध के कारण प्रोटोकॉल और सांस्कृतिक कृत्यों को एक से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित करने पर एक दीर्घकालीन प्रभाव पड़ा। आज प्रोटोकॉल का अभ्यास करना, जैसे क्षेत्रीयता को स्वीकार करना, , सांस्कृतिक सुधार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सेमियाहमू के चीफ हार्ली चैपल वर्तमान में पालन किए जाने वाले प्रोटोकॉल के बारे में बताते हैं: "अन्य जनजातियों [और] अन्य नेशंस का स्वागत [है] करने के लिए हम अपने पैतृक गीतों का उपयोग करते हैं। मुझे सिखाया गया था कि गीत सबसे पहली भाषा है। इसलिए, जब हम एक दूसरे का स्वागत करते हैं, जब वे हमारे समुदाय में आते हैं, [हम गाते हैं] और यह कुछ ऐसा है जिसका पालन हम आज भी करते हैं। जब हम अपनी डोंगियों में यात्रा पर जाते हैं, तो हम समुद्र तट पर उतरने से पहले उन गीतों को गाते हैं। हम किनारे पर उतरते हैं, तो भी हम उन गीतों को गाते रहते हैं, वे हमारे स्वागत गीत और प्रेम गीत हैं। और फिर हम अपनी डोंगियों को पलटकर उनका मुंह दूसरी ओर कर देते हैं। क्योंकि हमारे यहां हम यह मानते हैं कि अगर किसी डोंगी का सामने वाला हिस्सा तट की ओर होगा, तो इसका अर्थ युद्ध है। यह संघर्ष का संकेत है। हमारे स्वागत गीतों में युद्ध के गीतों के विपरीत एकदम अलग स्वरों का प्रयोग किया जाता है। और वे लोग विभिन्न गीतों से पहले ही जान जाते हैं कि लोग किस उद्देश्य से आ रहे हैं। लेकिन वास्तव में, मेरा ये मानना [यह इस बात को स्वीकार करना] है कि हम किसी और की भूमि पर हैं। हम यूं ही किसी और के इलाकों में नहीं पहुंच जाते और न ही वहां उतरकर जो मन आये, करने लगते हैं। लेकिन सही बात यह है कि यहां ब्रिटिश कोलंबिया में यही सब हुआ था। यह स्वीकार करना सम्मान और अच्छी परंपरा का प्रतीक है कि हम इनके क्षेत्रों में हैं, और ये इस भूमि के मूल निवासी हैं।"

एक अच्छी शुरूआत

क्वांटलेन सांस्कृतिक राजदूत, माइकल कैली गैब्रियल:

कुछ साल पहले, हम अपना पहला सैल्मन समारोह मना रहे थे। हम आदि काल से अपने नेशंस को बनाए रखने के लिए सैल्मन को धन्यवाद देने के लिए इस समारोह का आयोजन करते हैं। पिछले बीते वर्षों के दौरान, अनेक लोग मेरे दादाजी हर्ब या दादी हैलेन से ऐसे समारोहों को मनाने के लिए कहते रहे हैं और यह सैल्मन समारोह भी उन समारोहों से कुछ अलग नहीं था। हमने उन्हें इस समारोह को मनाने के लिए कहा क्योंकि वे इस बात को सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे समारोह हमारी जमीनों से सांस्कृतिक रूप से उसी तरह जुड़े हुए दिखाई दें जैसे वे (प्रोटोकॉल का पालन करते हुए) पहले आयोजित किये जाते थे।

एक बार, जब हमने अपना समारोह समाप्त कर लिया था और हम बैठे थे, एक दूसरे से मेल-मुलाकात और बातचीत कर रहे थे। हमने अपने दादाजी से पूछा, "क्या हमने समारोह में सब कुछ अच्छे तरीके से किया, दादाजी?" उन्होंने कहा कि हमने एक चीज को छोड़कर सब कुछ अच्छी तरह से किया। "आप भूल गए कि जब आप लोग आते हैं तो आपको एक गीत, यानि एक उद्घाटन गीत गाना होता है।"

उन्होंने हमें प्रवेश गीत में छिपी शिक्षा के बारे में समझाया:

“जब हम किसी समारोह का आयोजन करते हैं, तो हमें अपने अतिथियों का सम्मान करना चाहिए। समारोह शुरू करते समय, हमारा समुदाय एक दूसरे के हाथों को अपने अतिथियों तक थाम रखेगा। हमें नहीं मालूम कि हमारा साथ पाने के लिए उन्होंने कितनी दूरी की यात्रा की है, यहां पहुंचने में उन्हें कितना समय लगा और हमारे समारोह में शामिल होने के दौरान वे अपने परिवारों और प्रियजनों से न जाने कितना समय दूर रहे।

“इसलिए इस सबके कारण, हमारे समारोह में यात्रा कर शामिल होने के लिए ,उन्हें धन्यवाद देने वाले एक गीत से हम अपने समारोह का प्रारंभ करते हैं। यह उद्घाटन गीत एक अन्य उद्देश्य भी पूरा करता है। यह मेहमानों को आरामदेह स्थिति में भी ले आता है ताकि हम सभी एक दिल और एक दिमाग से काम कर पायें। इसके लिए हमारी भाषा में लेट्सेमोट शब्द है - लोगों की भलाई के लिए एक दिल और एक दिमाग से काम करना।"

क्षेत्रीय स्वीकृति का महत्व

क्षेत्रीय स्वीकृति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह भूमि-आधारित नेशंस के भूमि के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को मान्यता देती हैं। औपनिवेशीकरण के सबसे महत्वपूर्ण परिणामों में से एक यह था कि इंडीजिनस भूमि-आधारों को 0.2% तक कम कर दिया गया था। इसका इंडीजिनस लोगों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा। भूमि-आधारित नेशंस को स्वीकार करके, आप उस भूमि के इतिहास का सम्मान कर रहे हैं जहां आप निवास करते रहे हैं या जहां आप अपने समारोहों का आयोजन करते हैं। उस इतिहास में अनादि काल से भूमि के साथ इंडीजिनस लोगों के संबंध रहे हैं और वे अपनी मातृभूमि के अधिकारों और भू-स्वामित्व को स्वीकार करते है।

भूमि आधारित इंडीजिनस कानूनों और प्रोटोकॉल ने यह सुनिश्चित किया कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भूमि का ध्यान रखा जाए। इस भावना को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि फर्स्ट पीपुल्स को पारस्परिकता, प्रबंधन और संबंधों की भावना से भूमि की देखभाल करनी ही है।

कोरी विल्सन कहते हैं, "यहां ब्रिटिश कोलंबिया में, आप अक्सर 'नहीं सौंपा' शब्द सुनेंगे। जब भूमि को सौंप दिया जाता है, तो इसका अर्थ है कि किसी अन्य पक्ष को जमीन साझा करने या देने के लिए एक औपचारिक समझौता किया गया है। ब्रिटिश कोलंबिया में अधिकांश भूमि औपचारिक रूप से कभी सौंपी नहीं गई थी। वैंकूवर सहित, ब्रिटिश कोलंबिया का 95 प्रतिशत इलाका परंपरागत फर्स्ट नेशंस इलाकों में शामिल है जिसे कभी सौंपा नहीं गया था। नहीं सौंपा गया का अर्थ यह है कि फर्स्ट नेशंस लोगों ने अपनी जमीनों को कभी भी क्राउन या कैनेडा को न तो सौंपा था और न ही कभी कानूनी तौर पर हस्ताक्षर किया था।"

2013 में, वैंकूवर सिटी काउंसिल ने स्क्वैमिश, टीस्लील वॉउटुथ और मस्कियम फर्स्ट नेशंस की उन जमीनों को स्वीकार किया जिन्हें उन्होंने कभी सौंपा नहीं था। कानून के अनुसार, "21 जून, 2013 को, नेशनल एबऑरिजिनल दिवस के मौके पर, वैंकूवर शहर के मेयर ने एक असाधारण कदम के तहत साल भर तक चलने वाले सुलह के वर्ष की घोषणा की, जिनमें अतीत के घावों को भरने और एबऑरिजिनल लोगों और वैंकूवरवासियों के बीच खुलेपन, सम्मान, आपसी समझ और आशा पर आधारित नये संबंधों का निर्माण किया जाना था।"

कानूनी दस्तावेज में लिखा है: "सुलह के वर्ष के दौरान कही जाने वाली अन्य सभी सच्चाइयों के अंतर्गत यह सच्चाई भी शामिल है कि वैंकूवर का आधुनिक शहर मस्क्यूम, स्क्वैमिश और टीस्लील-वाउटुथ फर्स्ट नेशंस के पारंपरिक इलाकों पर बसाया गया था और इन क्षेत्रों को संधि, युद्ध या आत्मसमर्पण के माध्यम से कभी नहीं सौंपा गया था।"

इन क्षेत्रों को स्वीकार करके, कैनेडियन अपने और इंडीजिनस लोगों के बीच अच्छे संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में एक छोटा कदम उठा रहे हैं। आज कैनेडा में, इंडीजिनस सरकारों और संगठनों को समान अवसर देने के लिए, अपने अधिकारों को स्वीकार कराने के लिए, और किसी भी कष्ट से मुक्त जीवन जीने में सक्षम होने के लिए निरंतर प्रयास करने पड़ रहे हैं। स्क्वामेश नॉलेज कीपर एंड कंसल्टेंट, तातालिया (मिशेल नाहनी) कहती हैं, "मुझे अपने अगुवाओं और अन्य लोगों द्वारा सिखाया गया है, जो जानते हैं कि क्षेत्रीय स्वीकृति का अर्थ सम्मान दिखाना, या भूमि के साथ जुड़ना, मिलकर बेहतर संबंधों में रहना है।"

डैरेन टियरनी द्वारा ली गई फोटो Unsplash के माध्यम से

अपने हाथों को ऊपर उठाना

सम्मान और कृतज्ञता दिखाने का एक तरीका है अपने हाथों को ऊपर उठा लेना। यह प्रोटोकॉल हजारों साल से चला आ रहा है। नेशंस बड़े-बड़े खंभों को तराशते और खड़ा करते हैं, जिसमें किसी पुरुष या महिला को अपनी बांहों को फैलाए हुए दर्शाया जाता है। ये आकृतियां इस भूमि पर आने वाली दूसरी जनजातियों का स्वागत करती हैं।

"जब हम उनके हाथ ऊपर रखते हैं, जब मैं अपना हाथ आगे बढ़ाता हूं, तो यह हमारा इस बात का संकेत है कि हम आपका अत्यधिक सम्मान कर रहे हैं। लेकिन पुराने दिनों में, जब हम डोंगियों से यात्रा करते थे, [अपने हाथ ऊपर उठाने का अर्थ यह था] कि हम कोई नुकसान नहीं पहुंचाने जा रहे, कि हमारे हाथों में कोई हथियार नहीं है। लेकिन समय बीतने के साथ-साथ हमने इसे उन लोगों के प्रति सम्मान दिखाने के लिए अपना लिया जिन्हें हम प्यार करते हैं और जिनकी हम परवाह करते हैं।" - माइकल कैली गैब्रियल

इतिहास
भूमि-आधारित नेशंस का

इंडीजिनस लोगों की परंपराएं और इतिहास बाहरी दुनिया के संपर्क में आने से हजारों वर्ष पहले से है। क्वांटलेन और सेमियाहमू दोनों लोगों की मौखिक परंपराओं में बाढ़ के बारे में कहा गया है। एक्सईतेम रॉक, मिशन ब्रिटिश कोलंबिया का एक पुरातत्व स्थल, लगभग 10,000 वर्ष पुराना है।

चीफ हार्ली चैपल:

बहुत समय पहले, हमारे क्षेत्र के एक अगुवा ने आने वाले समय को लेकर भविष्यवाणी की थी। उन्होंने एक बड़ी बाढ़ को आते देखा, जिसके कारण यह क्षेत्र तबाह हो गया और कई लोगों की जान चली गयी। अगुवा ने लोगों से कहा, "हमें तैयार रहना होगा। मुझे नहीं पता कि यह बाढ़ कब आएगी, लेकिन ऐसा होगा तो हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।" इस चेतावनी के बाद, उन्होंने सेडर लकड़ी की दो विशालकाय नावों को बनाना शुरू कर दिया। इनमें से एक नाव में उन्होंने सूखे मेवे, सूखी सब्जियां, सूखा समुद्री भोजन और मांस जैसी खाने की वस्तुओं को भर दिया।

उन्होंने नाव को भर दिया और उसे चटाई से ढंक दिया। वे तैयार हो थे और फिर एक दिन, जैसा कि अगुवा ने भविष्यवाणी की थी, पानी ऊपर और ऊपर उठने लगा। अगुवा ने आकर कहा, "हम केवल बच्चों को [नावों में] चढ़ाएंगे।" तो उन्होंने दूसरी नाव में बच्चों से चढ़ा दिया। पानी का बढ़ना जारी रहा, तो अन्य लोग जो नाव में नहीं चढ़े थे, बाढ़ में मारे गए।

हमारी जमीन बदल गई और हमारी दुनिया भी बदल गई। कुछ समय बाद पानी घटने लगा। बच्चों ने नाव छोड़नी शुरू की और बदली हुई दुनिया की खोज-बीन शुरू कर दी। समय के साथ-साथ, वे एक-दूसरे से दूर होते चले गये। बड़े बच्चों में से एक ने दूसरों को याद दिलाया, "हमें सभी लोगों को फिर से इकट्ठा करने की जरूरत है, हमें यह याद रखना है कि हम कौन हैं और हम कहां से आये हैं।"

इस बात पर सहमति बनी कि जब वे फिर से इकट्ठा हो जाएंगे, तो वे अपने नाम के अंत में एक प्रत्यय लगाएंगे। बच्चों ने अपने नामों के अंत में अपने स्थानों के नाम के साथ प्रत्यय -इश जोड़ दिया जिसका अर्थ यह था कि वे बाढ़ से बचे हुए बच्चे हैं। उस कहानी में, मैंने अपने रिश्तेदारों को स्क्वैमिश के उत्तर में छोड़ दिया। उनके पास एक अलग लोग हैं, जिनका मूल अलग है, लेकिन हमारे लोग, और दक्षिण के लोग सभी के नामों के अंत में -इश आता है जैसे स्टिलागुएमिश, सुक्वैमिश, स्विनोमिश, दुवैमिश, सैमिश।

जब हम भौगोलिक रूप से, अपनी पहचान बनाना शुरू करते हैं, तो इसे संदर्भ में रखा जाता है। यह ये दर्शाता है कि हम कौन हैं और इन तमाम पीढ़ियों के बीच हमारे विकास का दायरा कैसा रहा है। मैंने अपने अगुवा से पूछा कि हमने अपना नाम क्यों नहीं बदला, हम सेमियामहू-ईश नहीं हैं। हम सेमियाहमू हैं। मेरे अगुवा ने कहा "दरअसल, वे जो दो नावें थी, उनमें से एक आप जहां हैं, उसके ठीक दक्षिण में उतरी, और दूसरी दक्षिण दिशा में थोड़ा और आगे उतरी थी। दरअसल हमने अपना घर कभी छोड़ा ही नहीं था। बाढ़ के बाद वे दोनों नावें वहां उतरी, लेकिन हमने कभी घर नहीं छोड़ा। इसलिए, हम घर के आधार थे, हम और दक्षिण में हमारे रिश्तेदार, वे लोग थे जो अपने घर के निकट रहते रहे।

मेरे लिए यह याद रखना महत्वपूर्ण है: हमारे पूर्वजों ने आने वाली पीढ़ियों के लिए बलिदान दिया था। उनका बलिदान युवाओ के लिए जीवित रहने का अवसर और क्षमता बना। जब दिन कठिन हो जाते हैं, तो मैं इसे याद करने की कोशिश करता हूं।

आव्रजन और नवागंतुकों की बात करें तो हम पाते हैं कि वह एक ऐसा पिता है जो अपने बच्चों और अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन की तलाश में यहां आया है। और यह ठीक वैसा ही है जैसा हम करते हैं।

> "आव्रजन और नवागंतुकों की बात करें तो हम पाते हैं कि वह एक ऐसा पिता है जो अपने बच्चों और अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन की तलाश में यहां आया है। और यह ठीक वैसा ही है जैसा हम करते हैं।

उपनिवेशियों का आगमन

कहा जाता है कि उपनिवेशियों के आगमन से पहले उत्तरी अमेरिका में 90 से 110 मिलियन इंडीजिनस लोग रहते थे। जब प्रारंभिक उपनिवेशी कैनेडा पहुंचे, तो वे इंडीजिनस लोगों के ज्ञान पर निर्भर थे कि इन इलाकों में कैसे जीवित रहना है। "यहाँ के मूलनिवासी लोग अपरिचित क्षेत्रों में प्रारंभिक यूरोपीय खोजकर्ताओं के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण थे, और बाद में 17वीं और 18वीं शताब्दी में कैनेडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच युद्धों में महत्वपूर्ण सैन्य सहयोगी थे।" कैनेडा के शुरुआती विकास में इंडीजिनस लोगों के योगदान के कारण उस कैनेडा ने आकार लिया जिसे हम आज देख रहे हैं। अमेरिका में, इरोकियस ग्रेट लॉ ऑफ पीस का अमेरिकी संविधान के विकास पर प्रभाव रहा है।

उपनिवेशियों के आगमन के समय सेमियाहमू

“"सेमियाहमू लोग लंबे घरों में रहते थे। एक गांव, जिसे अब प्वाइंट रॉबट्र्स कहा जाता है,जो कि एक बड़ा गांव था जिसमें 12 बड़े घर थे। प्रत्येक बड़े घर में 50 से 100 लोगों के अनेक परिवार होते थे। ये घर विशालकाय थे! कभी-कभी एक किलोमीटर लंबे। नई पीढ़ियां इन लंबे घरों से जुड़ती जाती थी, और अंदर के परिवार बुनी हुई चटाइयों की मदद से अलग-अलग रहते थे। जीवन की इस सामुदायिक शैली में जवाबदेही और सामुदायिक अंतर्संबंध के मूल्य अंतर्निहित होते थे। जब परिवार और समुदाय एकसाथ एक आवास में रहते हैं और समुदायिक स्वास्थ्य के लिए मिलकर काम करते हैं, तो भोजन इकट्ठा करना, शिकार करना और भोजन को साझा करना अधिक व्यवस्थित तरीके से होता है। यदि इंडीजिनस लोग आज के "एकल" परिवार के घरों में रहते, तो समुदायों का अस्तित्व ही नहीं होता। आज भी कई इंडीजिनस लोग, भूमि-आधारित और शहरी, दोनों अनेक पीढ़ियों वाले परिवारों के आवास में साथ रहते हैं।"

- चीफ हार्ली चैपल

एकल परिवार का विचार अपेक्षाकृत नई अवधारणा है:

“हम एक एकल परिवार में पले-बढ़े हैं, आप जानते हैं, एक छोटा एकल परिवार, मैं, मेरी माँ और मेरे पिताजी। अब जबकि मैं शादीशुदा हूँ, मैं अपनी पत्नी के समुदाय में, उसकी माँ के घर में चला गया हूँ। हमने घर का बहुत काम किया है और मेरे ससुराल वाले भी यहीं रहते हैं। यह वास्तव में शानदार है। हमें पारिवारिक संरचनाओं, और पारिवारिक संबंधों के समक्ष अपने स्वयं के दृष्टिकोण को हटाने में सक्षम होना चाहिए। परमाणु परिवार प्रणाली हमारी नहीं है। हमें अपने बच्चों के बड़े होने और उनके दादा-दादी के आस-पास रहने और बड़ों के साथ समय बिताने से मिलने वाली सीख और समझ के महत्व को स्वीकार करना चाहिए।

- चीफ हार्ले चैप

सीमाएं

उत्तरी अमेरिका में, इंडीजिनस लोग ऐसे इलाकों में रहते थे जिनकी सीमाएं एक दूसरे के इलाकों में प्रवेश करती थी। पारंपरिक शिकार, मछली पकड़ने और समारोहों के मैदानों को साझा करने के लिए प्रोटोकॉल, पारस्परिक संबंधों और अंतर्विवाहों की परंपराएं थी। जब कैनेडा की स्थापना हुई, कैनेडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच की सीमा ने कई नेशंस को बीच से काट दिया। सेमियाहमू क्षेत्र पर, नेशन को यह तय करना था कि वह अपने समुदाय के साथ किस देश की सीमा में जाए। इस जबरन स्थानांतरण के समुदाय पर गंभीर परिणाम पड़े।

ब्रूक्स आर्कंड पॉल कहते हैं, "सीमाएं औपनिवेशिक निर्माण हैं। किसी भी सीमा को एकतरफा रूप से, प्रभावित होने वाले इंडीजिनस नेशंस से परामर्श किए बिना लागू किया गया था… कैनेडियाई संस्थानों को इस विचार को सामने लाने की जरूरत है कि इंडीजिनस नेशंस एक दूसरे देश के साथ आपस में गुथे हुए हैं।"

2019 में बीसी सुप्रीम कोर्ट की अपील में आर बनाम डेसौटेल ने पुष्टि की कि कैनेडा के बाहर रहने वाले इंडीजिनस लोग, जो अंतरराष्ट्रीय सीमाओं द्वारा अपने पूर्वजों के क्षेत्रों से अलग कर दिये गये हैं, वे कैनेडा के संविधान की धारा 35 के तहत अधिकारों के पात्र हो सकते हैं।

इंडीजिनस और पश्चिमी विश्वदृष्टियों का संघर्ष

चीफ हार्ली चैपल उस दौर के इंडीजिनस बनाम पश्चिमी विश्वदृष्टियों के संघर्ष पर चर्चा करते हैं जब ब्रिटिश कोलंबिया में सोने को लेकर मची दौड़ के दौरान उपनिवेशवादियों ने बड़ी संख्या में आना शुरू कर दिया था:

ब्रिटिश कोलंबिया में विदेशियों के आगमन के दौरान, विश्वदृष्टियों का संघर्ष हुआ। इंडीजिनस विश्वदृष्टि अंतर्संबंधों और समावेश के बारे में है, [बड़े सृजन का] अंग होने के बारे में है। मुझे यकीन है कि आपने सुना होगा कि इंडीजिनस लोग "अपनी आवश्यकता से अधिक कभी नहीं लेते।" यह हमारी विश्वदृष्टि का एक प्रमुख हिस्सा है। हमारी दृष्टि रिश्तों और पारस्परिकता पर आधारित है, न कि दोहन पर। हमारी विश्वदृष्टियों में एक और बड़ा अंतर था, वो ये कि हमारी स्वामित्व की समझ यूरोपियनों की समझ से भिन्न थी।

मैं इस बात को और अधिक समझाने के लिए एक छोटी सी कहानी साझा करूंगा। स्वामित्व के बारे में मुझे यह कहानी स्टो:लो के एक अगुवा ने सुनाई थी। उन्होंने कहा था- जब मध्य से 1800 के अंत में इस इलाके में सोने को लेकर दौड़ चल रही थी, तो इस इलाके में सोने की खदान वालों में से एक व्यक्ति आया और बोला, "वाह, यह किसका इलाका है?"

स्टो:लो व्यक्ति ने जवाब दिया, "यह मेरा है। यह हमारा है।" सोना पाने की आकांक्षा वाले उस व्यक्ति ने स्टो:लो व्यक्ति से कहा कि वह उससे जमीन खरीदेगा। वे दोनों हंसे क्योंकि इंडीजिनस नजरिये से देखा जाए, तो हम जमीन के मालिक नहीं हैं, हम इसके मालिक हो ही नहीं सकते, हम इसके कभी मालिक नहीं हो पाएंगे, हम तो बस इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संभालकर रख रहे हैं। पश्चिमी नजरिया जमीन का मालिक बनने और इससे फायदा उठाने का था। उन्होंने कहा, "अब मैं इसका मालिक हूं, यह मेरी जमीन है और मेरे पास इसका अधिकार है।"

यह दो विरोधी विश्वदृष्टियों के टकराने के पहले उदाहरणों में से एक था। जब सोने की दौड़ वाला आदमी आया, तो उसने फर्स्ट नेशन को बहुत मामूली मुआवजा दिया। और वे दोनों एक दूसरे पर हंसते हुए चले गए क्योंकि एक विश्वदृष्टि यह कहती है, आप इसके मालिक नहीं हो सकते। इसलिए इंडीजिनस नजरिये से उन्हें उस चीज के लिए पैसा मिला जिसके मालिक आप हो ही नहीं सकते।

दूसरा आदमी भी हंस लगा रहा था क्योंकि वह कह रहा था, "मैंने अभी-अभी इस जमीन के लिए कितना सस्ता सौदा कर लिया।" सालों बीते और आखिरकार स्टो:लो व्यक्ति इलाके में वापस आया और उसने पाया कि जमीन के चारों ओर एक बाड़ लगा दी गयी थी। यह विश्वदृष्टियों के टकराव की शुरुआत थी।

और तब से अब तक काफी हद तक यह वैसा ही चल रहा है।

> हम जमीन के मालिक नहीं हैं,
> हम इसके मालिक हो ही नहीं सकते,
> हम इसके कभी मालिक नहीं हो पाएंगे,
> हम तो बस इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संभालकर रख रहे हैं।

सरी

शहरी इंडीजिनस और मेटिस समुदाय

सरी में इंडीजिनस समुदाय

सरी अब ब्रिटिश कोलंबिया की सबसे बड़ी इंडीजिनस आबादी वाला घर है! कैनेडा में 60% इंडीजिनस लोग रिजर्व से दूर या कहा जाए तो अपने मूल निवास से दूर रहते हैं। चूंकि रिजर्व इतने छोटे और कम सुविधाओं वाले हैं, कि वहां निवासियों के फलने-फूलने और सक्षम होने के लिए अक्सर पर्याप्त आर्थिक अवसर नहीं होते हैं। रिजर्व में अक्सर जगह की भी कमी होती है जिसके कारण परिवार के सभी सदस्य एक साथ मिलकर नहीं रह पाते। अनेक इंडीजिनस लोग अपने निवास वाले समुदायों को छोड़कर अवसरों की तलाश में बड़े शहरों की ओर चल देते हैं। कुछ इंडीजिनस लोगों को इसलिए विस्थापित किया गया क्योंकि उन्हें या तो 60 के दशक के दौरान स्कूप के कारण सरकारी देखभाल में रखा गया था या पालक देखभाल में रखे जाने के कारण स्थानांतरित कर दिया गया था। सरी में, इंडीजिनस निवासियों ने एक दूसरे से और उनकी संस्कृति से "अदृश्य" या "काट दिये" जाने की भावना के बारे में बात की है। सरी में इंडीजिनस समारोह स्थल जैसा कोई महत्वपूर्ण सांस्कृतिक ढांचा नहीं है। सरी में केवल 5 इंडीजिनस सामुदायिक संगठन हैं जबकि वैंकूवर में समान आकार की आबादी के लिए 28 संगठन हैं। इसका अर्थ है कि सरी में इंडीजिनस लोगों के लिए सेवाओं और कार्यक्रमों की कमी है, और दुर्भाग्यवश, इस आबादी को कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

.

Figure 1 Indigenous Population by Indigenous Identity, Surrey, 2016



Source: Custom Data Organization from Statistics Canada, Census 2016

सरी अर्बन इंडीजिनस लीडरशिप कोआलिशन (SUILC) से सरी में इंडीजिनस आबादी के बारे में कुछ तथ्य:

- शहरी आबादी युवा है और तेजी से बढ़ रही है
- सरी में औसत वार्षिक वृद्धि दर 4.9% है, जबकि वैंकूवर में यह केवल 1.2% है
- "इस विकास दर (आकृति 2) के आधार पर, हमें विश्वास है कि सरी में अब बीसी का सबसे बड़ा इंडीजिनस समुदाय है और अगले 25 वर्षों में यह वैंकूवर [के समुदाय] से दोगुना हो जाएगा।"

- सरी में इंडीजिनस आबादी का 55% फर्स्ट नेशंस है, जो पूरे ब्रिटिश कोलंबिया और कैनेडा से है, जिसमें कई नेशंस, संस्कृतियों और भाषाओं का प्रतिनिधित्व है।
- "इंडीजिनस लोग पूरे सरी में नेबरहुड्स में रहते हैं। उत्तरी सरी कई इंडीजिनस सरी निवासियों का घर है ... लेकिन ऐसा ही न्यूटन, क्लोवरडेल और साउथ सरी में भी है" (SUILC, 2019)
- सरी में इंडीजिनस आबादी की औसत आयु 28 है, जबकि वैंकूवर में इंडीजिनस लोगों की औसत आयु 33 है। सरी की कुल जनसंख्या में, औसत आयु 38 वर्ष है, और वैंकूवर में, यह 39 है,(SUILC 2019)
- लगभग आधी (45%) आबादी 24 साल से कम उम्र की है। सरी में रहने वाले 0-14 आयु वर्ग के 3,655 इंडीजिनस बच्चे हैं, जो लगभग 30% इंडीजिनस सरी निवासियों का प्रतिनिधित्व करते हैं।



सरी में मेटिस समुदाय

कैनेडा में मेटिस लोग एक विशिष्ट सांस्कृतिक समूह हैं। मेटिस संस्कृति 17वीं और 18वीं शताब्दी में फ्रांसीसी या स्कॉटिश पुरुषों और इंडीजिनस महिलाओं के बीच हुई अंतर्जातीय विवाह से उत्पन्न हुई है। मेटिस लोगों ने अपनी एक अलग संस्कृति विकसित की और अपने समुदायों का निर्माण किया। माना जाता है कि मैनिटोबा के रेड रिवर उपनिवेश का मेटिस लोगों के लिए सांस्कृतिक महत्व है।

मेटिस इंडियन एक्ट के तहत शासित नहीं हैं, लेकिन कुछ मेटिस बस्तियां पूरे कैनेडा में बसाई गई थी। दुर्भाग्य से, इस भूमि का अधिकांश हिस्सा उपनिवेशों और सरकार द्वारा अवैध रूप से ले लिया गया था।

1885 में कैनेडा की सरकार ने मेटिस मातृभूमि और अपने लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे लुई रील को फांसी दे दी थी। उसी वर्ष में, कैनेडा सरकार ने मेटिस परिवारों को मेटिस स्क्रिप नाम की एक मुद्रा दी थी जिसे जमीन या धन के लिए अदला-बदला जा सकता था। अनेक मेटिस लोगों की जमीनें इस स्क्रिप का प्रयोग करने के कारण उपनिवेशियों के हाथों में चली गयी और इस व्यवस्था के कारण वे बेघरबार हो गए। संघीय सरकार को स्क्रिप व्यवस्था की खामी के बारे में जानकारी थी और उसने मेटिस लोगों का फायदा उठाने के लिए इन खामियों का इस्तेमाल किया।

मेटिस लोग आज संघीय सरकार द्वारा अपने अधिकारों का मान्यता दिये जाने को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, हालांकि मेटिस लोगों को कानून के अंतर्गत, जैसे इंडियन एक्ट के तहत, लाने के लिए परिवर्तन किये गये हैं, ताकि उन्हें स्टेटस होल्डर के समान अधिकार दिये जा सकें। 17 अप्रैल 2014 को फेडरल कोर्ट ऑफ अपील ने एक फैसला, डेनियल्स बनाम कैनेडा, 2014 दिया था। इसमें व्यवस्था दी गयी थी कि मेटिस और गैर स्टेटस प्राप्त इंडियन को फर्स्ट नेशंस के समान अधिकार दिये जाएंगे।

ब्रिटिश कोलंबिया में ऐसे 70,000 लोग हैं जो अपने आपको मेटिस कहते हैं। मेटिस लोग इंडीजिनस आबादी का 45 प्रतिशत हैं। इसके बावजूद, मेटिस लोगों को सरी में अपनी पहचान और जगह बनाने के लिए अक्सर संघर्ष करना पड़ता है।

इंडीजिनस अधिकार और भू-स्वामित्व

कैनेडा की नीति

कैनेडा में इंडीजिनस लोगों के अधिकारों और भू-स्वामित्व के बारे में नीति और कानून, तथा अन्य प्रभावों को इस अनुभाग में रेखांकित किया गया है।

पापल बुल्स

पापल बुल कैथोलिक पोप द्वारा बनाया गया एक सार्वजनिक आदेश है। 1455 में, पोप निकोलस पंचम ने पापल बुल रोमनस पोंटिफेक्स जारी किया और 1495 में पोप अलेक्जेंडर छठवें ने पापल बुल इंटर कैटेरा जारी किया। इन दस्तावेजों ने स्पेन और पुर्तगाल को उत्तरी अमेरिका को उपनिवेश बनाने के लिए अधिकृत किया और इंडीजिनस लोगों को "मनुष्य से कमतर" आंका। इसने अफ्रीका से दास व्यापार को भी वैध कर दिया। इस तरह, उपनिवेशवाद के इन प्रारंभिक कुकृत्यों का दुनिया भर में नरसंहारक प्रभाव पड़ा।

वेटिकन के ये निर्देश कैनेडा और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों में सदियों से चले आ रहे कानूनों का आधार बने जिन्होंने इंडीजिनस लोगों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को वैध करार दिया। डिस्कवरी का सिद्धांत रोमनस पोंटिफेक्स का एक तत्व है जिसने लाभ और शोषण के लिए इंडीजिनस भूमि को कब्जाने को उचित ठहराया।

कैथोलिक चर्च ने इंडीजिनस लोगों को असभ्य माना, इसलिए उन्होंने सोचा कि वे बिना किसी जवाबदेही के भूमि को अपने कब्जे में लेने के लिए कानून बना सकते हैं। इन कानूनों का उद्देश्य इंडीजिनस लोगों को पोप की "प्रजा" बनाना था और ये कानून इंडीजिनस लोगों की संप्रभुता को स्वीकार नहीं करते थे।

विद्वान और पापल बुल की विशेषज्ञ रोक्सैन डनबर ऑर्टिज कहती हैं, "चर्च और देश दोनों ही विशुद्ध आर्थिक हितों वाले उपनिवेशवादी थे। 'नई दुनिया' की खोज ईसाई धर्मांतरण के लिए खोज नहीं थी, बल्कि वर्चस्व, लूटपाट, धन पर कब्जा जमाने के लिए थी। ”

टेरा नलियस

टेरा नलियस एक लैटिन शब्द है जिसका अर्थ है "खाली भूमि" या "किसी की भूमि नहीं।" टेरा नलियस के नियम का विकास यूरोप में 18वीं शताब्दी में किया गया था। कैनेडा की तरह उपनिवेशित भूमि को "खाली" माना जाता था, भले ही इंडीजिनस लोग इसमें निरंतर निवास करते आ रहे थे। यह नीति इंडीजिनस भूमि की चोरी को न्यायोचित ठहराने का एक तरीका था। टेरा नलियस के तर्क के अनुसार, यदि किसी पिछली यूरोपीय शक्ति ने भूमि पर दावा नहीं किया था, तो एक नई यूरोपीय शक्ति को उस भूमि पर दावा करने की अनुमति थी। टेरा नलियस ने 17वीं - 20वीं सदी के बीच उत्तरी अमेरिका के औपनिवेशीकरण को उचित ठहराया। समय बीतने के साथ, इस अवधारणा में उन इलाकों को भी शामिल कर लिया गया जिनके बारे में यूरोपीय शक्तियों का मानना था कि वे "सभ्य समाज से रहित" थे।

खोज के सिद्धांत और टेरा नलियस दोनों का वर्तमान कैनेडा के कानून और इंडीजिनस लोगों पर प्रभाव है। संयुक्त राष्ट्र, ट्रुथ एंड रिकंसिलिएशन कमीशन, और असेंबली ऑफ फर्स्ट नेशंस ने इन सिद्धांतों को त्यागने का आह्वान किया है। इसका अर्थ है कि इन अवधारणाओं के आधार पर कैनेडा के गठन को कानूनी अधिकार नहीं होगा। समस्या यह है कि कैनेडा इन दस्तावेजों के आधार पर बनाया गया था, और वे अभी भी उन कानूनों पर असर डालते हैं जो आज भी इंडीजिनस जीवन को प्रभावित कर रहे हैं।

1763 की शाही उद्घोषणा

1763 में, इंग्लैंड के किंग जॉर्ज ने शाही उद्घोषणा की। यह दस्तावेज दिशानिर्देशों का एक समूह था जिसने इंग्लैंड के सात साल के युद्ध में जीत के बाद उत्तरी अमेरिका के इलाकों पर अपना दावा किया था। इस उद्घोषणा ने मान्यता दी कि इंडीजिनस लोगों की अपनी भूमि और समुदायों पर संप्रभुता थी। उद्घोषणा में कहा गया कि इंडीजिनस जनजातियों के लिए भूमि आरक्षित होनी चाहिए, और किसी भी इंडीजिनस व्यक्ति को उसकी मूल भूमि आधार से दूर नहीं किया जाएगा। दस्तावेज ने आदिवासी सरकारों और उनके नेशंस पर शासन करने के उनके कानूनी अधिकारों को भी मान्यता दी। वर्नन ब्रिटिश कोलंबिया में इंडीजिनस वकील डैन विल्सन संप्रभुता का वर्णन करते हैं:

"संप्रभुता, शासन के संदर्भ में, तब है जब जनता के किसी राजनीतिक निकाय के पास किसी अन्य इकाई या शक्ति के हस्तक्षेप के बिना पूर्ण शक्ति और अधिकार होता है”

1763 की शाही उद्घोषणा में, क्राउन ने तीन महत्वपूर्ण चीजों को परिभाषित किया-

1. 'इंडियन' नेशंस जो क्राउन के साथ जुड़े (संबद्ध) हैं, उनके साथ क्राउन के किसी भी अधीनस्थ द्वारा 'छेड़छाड़' नहीं की जानी चाहिए; (उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता, या चोरी नहीं की जा सकती)

2. किसी भी 'इंडियन' नेशन को पहले उसकी 'सार्वजनिक' सहमति के बिना उसकी भूमि और संसाधनों से बेदखल नहीं किया जा सकता

3. 'इंडियन' नेशन केवल क्राउन के साथ संधि कर सकते हैं, किसी अन्य उपनिवेश राष्ट्र के साथ नहीं।

शाही उद्घोषणा में कहा गया है कि इंडीजिनस भू-स्वामित्व और अधिकार पहले से अस्तित्व में हैं और तब तक मौजूद रहेंगे, जब तक संधि द्वारा भूमि को सौंप नहीं दिया जाता।

Sequoia Marchand, Syilx and Cherokee

रोग

कैनेडा में यूरोपीय लोगों के आगमन के साथ, टर्टल आइलैंड के इंडीजिनस नेशंस को चेचक जैसी बीमारियों ने ग्रस्त कर लिया। क्वांटलेन फर्स्ट नेशन की अनुमानित आबादी 10,000 लोगों की थी, जो चेचक के प्रकोप के बाद घटकर 69 रह गई। क्वांटलेन के आज लगभग 400 सदस्य हैं। सेमियाहमू के लोगों की 1000 की आबादी घटकर सिर्फ 16 लोगों तक रह गयी थी। उनकी वर्तमान आबादी केवल 100 सदस्यों की रह गयी है।

"जब यूरोपीय आए, तो वे चेचक और अन्य बीमारियों को अपने साथ लेकर आए जो पहले उत्तरी अमेरिका में अज्ञात थी। इंडीजिनस आबादी में कोई प्रतिरक्षा नहीं थी, क्योंकि यूरोपीय लोगों के विपरीत, उनका इन बीमारियों से सदियों से कोई संपर्क नहीं था। अनुमान लगाया गया है कि यूरोपियन लोगों के साथ आयी इन बीमारियों के कारण लगभग 90% -95% इंडीजिनस आबादी की मृत्यु हो गई।

- कोरी विल्सन

इंडियन एक्ट

इंडियन एक्ट पढ़ने के लिए क्लिक करें-

https://laws-lois.justice.gc.ca/eng/acts/i-5/

पुल आउट - "आप जॉन ए मैक्डॉनल्ड को दस-डॉलर के कैनेडियन बिल पर देख सकते हैं"

विवादास्पद इंडियन एक्ट वह कानून है जो कैनेडा में इंडीजिनस लोगों के जीवन को नियंत्रित करता है। 1875 में सर जॉन ए मैकडोनाल्ड द्वारा पेश किए गए अधिनियम का उद्देश्य कैनेडा में प्रोत्साहित किए जा रहे समाज के यूरोपीय मॉडल में इंडीजिनस लोगों को आत्मसात करना था।

1876 में, जॉन ए. मैक्डोनाल्ड के अधीन निर्मित गृह विभाग की वार्षिक रिपोर्ट कहती है: "आदिवासियों को संरक्षण की स्थिति में रखा जाना चाहिए और उन्हें देश के वार्ड या बच्चों के रूप में माना जाना चाहिए। रेडमैन को अपने संरक्षण निर्भरता की स्थिति से बाहर निकालने में सहायता करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए, और स्पष्ट तौर पर यह हमारी बुद्धिमत्ता और कर्तव्य है ... कि हम उसे एक उच्चतर सभ्यता के लिए तैयार करें।"

इंडियन एक्ट ने इंडीजिनस लोगों को यूरोपीय आबादी से हीन माना। इसने इंडीजिनस लोगों को "देश के वार्ड" बना दिया, जिसका कैनेडा के इंडीजिनस लोगों पर दीर्घकालिक, नकारात्मक, विनाशकारी प्रभाव पड़ा। अधिनियम बनाये जाने से पहले, उपनिवेशों और सरकार ने अधिकांश भूमि ले ली थी।

एक बार अधिनियम पारित होने के बाद, इंडीजिनस लोगों को अपना रिजर्व छोड़ने या अर्थव्यवस्था में भाग लेने की अनुमति नहीं थी।

यूरोपीय शक्तियों द्वारा इंडीजिनस लोगों पर "संरक्षण और निर्भरता की शर्त" जबरन थोपने से उनकी स्वतंत्रता को प्रतिबंधित कर दिया गया और एक ऐसा संबंध पैदा कर दिया गया जिसने सामाजिक और आर्थिक असमानता की स्थिति पैदा की, जो आज भी इन समुदायों को प्रभावित करती है। यूबीसी(UBC) का इंडीजिनस फाउंडेशन कहता है-

> यह कानून इस अवधारणा पर आधारित था कि कैनेडा के भीतर कार्य करने के लिए, एबऑरिजिनल लोगों को "कैनेडियन" पहचान अपनानी होगी और अपनी संस्कृति और परंपराओं को त्यागना होगा। औपनिवेशिक सोच ने एबऑरिजिनल लोगों और संस्कृतियों को "जंगली" और "असभ्य" माना, और कहा कि कैनेडियन सरकार के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप और पर्यवेक्षण के बिना वे समकालीन औपनिवेशिक समाज के साथ जीवित रह पाने में असमर्थ होंगे।

इंडियन एक्ट से पहले, शाही उद्घोषणा ने "इंडियन रिजर्व" बनाये जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि इंडीजिनस भूमि उपनिवेशों के लिए उपलब्ध नहीं होगी। लेकिन आने वाले दशकों में, इन रिजर्व से अधिक से अधिक भूमि छीन ली गई। आर्थर मैनुअल का कहना है कि इंडीजिनस लोगों के पास पूरे कैनेडा की मात्र 0.2% में भूमि ही रह गयी थी।

इंडियन एक्ट में कानून के साथ-साथ भूमि की चोरी ने यह तय कर दिया कि इंडीजिनस लोग अर्थपूर्ण रूप से अर्थव्यवस्था में भाग नहीं ले सकते थे और एक ऐसी स्थिति पैदा हो गयी जिसे मैनुएल ने "कानूनी निर्भरता" कहा। (देखें मिथक और तथ्य)

1867 में, ब्रिटिश नॉर्थ अमेरिका एक्ट के पारित होने के साथ कैनेडा एक देश बन गया; सेक्शन 91 (24) ने संघीय सरकार को सभी "इंडियंस और इंडियंस के लिए रिजर्व भूमि" की जिम्मेदारी सौंप दी। इंडियन अधिनियम के तहत, इंडीजिनस लोग:

- अपने छोटे रिजर्व को पास के बिना नहीं छोड़ सकते थे
- बिना पास के पशुधन या फसल नहीं बेच सकते थे। इसके कारण इंडीजिनस लोगों की अर्थव्यवस्था में सार्थक रूप से भाग लेने की क्षमता नियंत्रित हो गयी और उनकी आने वाली पीढ़ियां गरीब होती चली गयी
- पारंपरिक समारोह जैसे पॉटलैच, सनडांस और अन्य सभी समारोहों का आयोजन नहीं कर सकते थे। इन महत्वपूर्ण समारोहों में पारंपरिक भूमि-आधारित कानून शामिल थे, जैसे पॉटलैच अर्थव्यवस्था और मियो पिमाटिसिविन की क्री पवित्र कानून प्रथा (1925-1951)
- पारंपरिक और औपचारिक कपड़ों के उपयोग पर प्रतिबंध लगने के कारण इन्हें नहीं पहन सकते थे
- मतदान नहीं दे सकते थे (1960 तक इंडीजिनस लोगों को मतदान का अधिकार नहीं था)
- अपने राजनीतिक समूह नहीं बना सकते थे (1925-1951)
- इंडियन एजेंट, चीफ को उनके पद से हटा सकता था यदि चीफ संघीय सरकार के सामने खड़े हो जाएं
- "वकील की सेवाएं नहीं ले सकते थे - अगर भूमि अवैध रूप से जब्त कर ली जाती थी, तो इंडीजिनस लोग किसी वकील की सेवाएं लेकर अदालतों में मुकदमा नहीं लड़ सकते थे। इंडियन लोगों के लिए वकीलों की सेवाएं लेना या कानूनी सलाह लेना, भूमि पर दावा करने के लिए फंड जमा करना , या समूहों में बैठकों का आयोजन करना अवैध था। बहुतों को आयोजन करना बंद करना पड़ा लेकिन अन्य अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए गुप्त रूप से ऐसा करते रहे।" के. विल्सन

इंडियन एक्ट का सबसे विनाशकारी हिस्सा वह कानून था जिसने 6 से 17 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को रेजिडेंशियल स्कूलों में जाने के लिए मजबूर किया गया। (देखें रेजिडेंशियल स्कूल)

इंडियन अधिनियम के शुरुआती दशकों में, संघीय सरकार ने रिजर्व के जीवन को नियंत्रित करने के लिए इंडियन एजेंट की भूमिका स्थापित की। आज भी इंडियन अधिनियम दो संघीय मंत्रालयों के माध्यम से संघीय सरकार द्वारा प्रशासित है- क्राउन-इंडीजिनस रिलेशंस और इंडीजिनस सर्विसेज कैनेडा।

वर्तमान इंडियन एक्ट

कैनेडा में वर्तमान में इंडियन एक्ट द्वारा 630 समुदाय और 60 अलग-अलग नेशंस शासित हैं।

कोरी विल्सन कहते हैं:

1. इंडियन एक्ट कई संशोधनों से गुजरा है और वर्तमान में यह नियंत्रित करता है:-
2. किसे स्टेटस प्राप्त होता है, और कौन स्टेटस को आगे सौंप सकता है
3. कर-मुक्त नियम – स्टेटस प्राप्त इंडीजिनस लोगों को कर का भुगतान नहीं करना पड़ता है यदि वे आय अर्जित करते हैं या रिजर्व पर कुछ खरीदते हैं; किन्तु रिजर्व इतना छोटा है, इंडीजिनस लोग अब भी आय और संपत्ति कर का भुगतान करते हैं जब वे काम करते हैं या रिजर्व के बाहर रहते हैं
4. रिजर्व पर आवास, बुनियादी ढांचा और विकास
5. रिजर्व पर बैंड (इंडीजिनस सरकारें)

रिजर्व और आवास

चूंकि इंडीजिनस लोग भूमि के मालिक नहीं थे और अपने पारंपरिक क्षेत्रों के छोटे से हिस्से पर ही सीमित थे, इंडीजिनस लोग जमीन के मालिक होने से जुड़ी संपत्ति को अगली पीढ़ी को सौंप पाने में असमर्थ थे। रिजर्व और शहरी इलाकों में रहने वाले इंडीजिनस लोगों की गरीबी का यह एक प्रणालीगत कारण था। वर्तमान में, इंडियन एक्ट अभी भी इस बात को नियंत्रित करता है कि रिजर्व पर भूमि का मालिक कौन होगा।

रिजर्व की भूमि को एक संघीय ट्रस्ट में रखा जाता है, जिसका अर्थ है कि रिजर्व पर रहने वाले इंडीजिनस लोग भूमि के मालिक नहीं हैं, लेकिन वे आवास निर्मित करने और उसके स्वामी बनने के लिए उधार ले सकते हैं; हालांकि, रिजर्व में बने अधिकांश आवासों को सामाजिक आवास माना जाता है। आवास की कमी और कमतर जीवन स्तर के कारण रिजर्व पर आवास संकट पैदा हो गया है। ऐतिहासिक संधि-समझौतों के तहत संघीय सरकार को रिजर्व पर आवास की व्यवस्था करनी होती है, लेकिन आवास संकट से निपटने के लिए अनुमानित 20,000-35,000 इकाइयों को निर्मित नहीं किया गया है।

"किसी भी पैमाने पर देखा जाए, खास तौर पर जब हम रिजर्व के बाहर के आवास से तुलना करें, तो रिजर्व में आवासों की बेहद कमी है: रिजर्व पर मौजूद 41.5 प्रतिशत घरों में बड़ी मरम्मत का काम किया जाना है, जबकि इसकी तुलना में रिजर्व के बाहर गैर-एबऑरिजिनल आवासों में यह सात प्रतिशत है। गैर रिजर्व इलाकों के मुकाबले रिजर्व पर भीड़ की दर छह गुना है। अनेक समुदायों में, तीन पीढ़ियों का एक छत के नीचे रहना असामान्य नहीं है – ऐसा विकल्प के कारण नहीं बल्कि आवश्यकता के कारण है।



इंडीजिनस महिलाएं और इंडियन एक्ट

अनादि काल से, इंडीजिनस महिलाएं इंडीजिनस समुदायों की रीढ़ रही हैं। टर्टल आइलैंड के कई राष्ट्र मातृवंशीय हैं, जिसका अर्थ है कि बच्चों का संबंध अपनी मां के समुदायों से था और वे अपनी मां के संबंधों के माध्यम से अपनी वंशावली का पता लगाते थे। कुछ नेशंस में, लड़कियों ने अपनी माताओं और मौसी से शिक्षा प्राप्त की। लड़कों ने शिकार करना अपनी मां के भाइयों से सीखा। जो समुदाय मातृवंशीय नहीं थे, वे भी महिलाओं का सम्मान करते थे, उनका आदर करते थे और बुद्धिमत्ता और मार्गदर्शन पाने के लिए उनकी मदद लेते थे।

कई नेशंस में, महिलाओं ने प्रभावशाली राजनीतिक भूमिकाएं निभाई, जैसे कि पश्चिमी तट नेशंस की मातृसत्ताएं और मैदानी जनजातियों की कबीले की माताएं। मातृसत्ता और कबीले की माताओं के पास महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली भूमिकाएं थी। कुछ नेशंस में, प्रमुखों को नाममात्र का प्रमुख माना जाता था, जिसका अर्थ है कि हालांकि वे अपने समुदायों का प्रतिनिधित्व करते थे, लेकिन वे महिलाओं के नेतृत्व की सहमति के बिना कानून पारित नहीं कर सकते थे। इंडियन एक्ट ने इंडीजिनस महिलाओं से सभी राजनीतिक शक्तियां छीन लीं। थोपी गई यूरोपीय सत्ता संरचनाओं ने इंडीजिनस समुदायों में पुरुषों को सभी राजनीतिक अधिकार दे दिए, जिससे शक्ति असंतुलन और सांस्कृतिक ज्ञान का नुकसान हुआ। समस्त टर्टल आइलैंड के इंडीजिनस लोग इंडीजिनस महिलाओं को पृथ्वी पर सबसे पवित्र प्राणियों में से एक के रूप में देखते हैं क्योंकि वे "जीवन दाता" हैं।

"इंडियन" की परिभाषा ने भी इंडीजिनस परिवारों, समुदायों और नेशंस को अलग कर दिया। उदाहरण के लिए, 1982 तक, फर्स्ट नेशंस महिलाओं का स्टेटस प्राप्त करने और इस स्टेटस को बनाये रखने की पात्रता पुरुषों के साथ उनके संबंधों के आधार पर तय की गई थी। यदि कोई इंडीजिनस महिला किसी मेटिस या गैर-इंडीजिनस पुरुष से शादी कर ले, तो उसका स्टेटस समाप्त हो जाएगा, और उनके बच्चे को भी कोई स्टेटस नहीं मिल पाएगा। लेकिन यदि, कोई गैर-इंडीजिनस महिला किसी इंडीजिनस पुरुष से विवाह करती है, तो उसे स्टेटस प्राप्त हो जाएगा।

इंडीजिनस महिलाएं "इंडीजिनस आबादी को कम करने और अंततः इस आबादी को समाप्त करने का एक जरिया बन गई। इंडीजिनस महिलाओं को गरीब माताओं के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे कैनेडियन देश के लिए इंडीजिनस बच्चों को उनके घरों से निकाल लेना और उन्हें रेजिडेंशियल स्कूलों या पालक घरों में रखना क्षम्य बना दिया गया था। वर्तमान में, [इंडीजिनस महिलाएं] अति-यौन अनुमानों के बोझ तले दबी हुई हैं जो हमारी माताओं, बहनों, मौसियों और नानियों की छवियों को कलंकित करता है।''

- रिनी एलिजाबेथ एमजिनेजिझिगो-केवी बेडार्ड

ग्लेन कॉलथार्ड, डीने विद्वान और कार्यकर्ता, कहते हैं कि 1869 में, कैनेडा सरकार ने ग्रैजुअल एन्फ्रैंचाइजमैंट एक्ट पारित किया। यह अधिनियम इलेक्टिव बैंड कौंसिल सिस्टम की स्थापना के लिए बनाया गया था। यह न केवल नेशंस के भीतर पारंपरिक शासन प्रणालियों के लिए विनाशकारी था, बल्कि इसने इंडीजिनस महिलाओं को और अधिक नुकसान पहुंचाया। अधिनियम पारित होने के बाद, महिलाओं को अब अपने पतियों से विरासत प्राप्त करने का अधिकार नहीं रह गया और उन्हें मतदान देने और बैंड की राजनीति में भाग लेने के अधिकार से भी वंचित कर दिया गया था। इंडीजिनस महिलाओं के इन अधिकारों को उनकी सहमति लिए बिना ही समाप्त कर दिया गया था, साथ ही सरकार ने यह अधिकार भी अपने पास रख लिया था कि यदि कोई महिला किसी गैर-स्टेटस प्राप्त पुरूष से विवाह करेगी, तो उस महिला का स्टेटस समाप्त कर दिया जाएगा। स्टेटस समाप्त कर दिये जाने का अर्थ रिजर्व पर रहने के अधिकार, आवास तक पहुंच, और संघीय सरकार की सब्सिडी वाली स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने की सामर्थ्य को खो बैठना था।

"इंडियन एक्ट के परिणामस्वरूप महिलाओं को मिली उस सत्ता और अधिकारों का स्थानांतरण हो गया जो उन्हें उपनिवेश से पहले प्राप्त थी। बीसवीं सदी की शुरूआत आते-आते प्रजनन करने की महिलाओं की क्षमता भी सरकार की सुरक्षा के तहत आ गयी, और यूजीनिक्स आंदोलन के साथ, कानून पारित कर दिया गया जिसने एबऑरिजिनल महिलाओं और पुरूषों की एकपक्षीय, अनैच्छिक नसबंदी को अनुमति दे दी।"

केन्जी मिलर (सिल्क्स), एमी कोटे (सिल्हकोटिन), और ताया निकेल (सिल्हकोटिन और सेकवेपेमक)

इंडियन होममेकर्स एसोसिएशन ने 1930 के दशक में रिजर्व से अपनी शुरुआत की और स्टेटस प्राप्त और बिना-स्टेटस प्राप्त इंडीजिनस महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण आवाज बन गई। बिना-स्टेटस प्राप्त इंडीजिनस महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली यह पहली ऐसोसिएशन थी, और ऐसोसिएशन ने बताया कि किस प्रकार स्टेटस संबंधी कानून महिलाओं के लिए भेदभावपूर्ण हैं। इनमें से कुछ चुनौतियां आज भी बनी हुई हैं।

कैनेडा में आज भी इंडीजिनस महिलाओं को बड़े पैमाने पर भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। गैर-इंडीजिनस महिलाओं की तुलना में इंडीजिनस महिलाओं को हिंसा संबंधी मामलों से गुजरने की आशंका 3.5 गुना अधिक है। कैनेडा और अमेरिका में मर्डर्ड एंड मिसिंग इंडीजिनस वूमन एंड गर्ल्स (हत एवं लापता इंडीजिनस महिलाएं और लड़कियां) ने इंडीजिनस महिलाओं के साथ किये जाने वाले कैनेडा की नीतियों और कानून तथा विधायी उपेक्षा के बीच स्पष्ट संबंध बताया है:

"नेशनल इंक्वायरी ने हिंसा की जो सुनवाई की है, वह स्पष्ट रूप से फर्स्ट नेशंस, इनुइट और मेटिस सहित इंडीजिनस लोगों का नस्ल-आधारित नरसंहार है, जिसने विशेष रूप से महिलाओं, लड़कियों और 2SLGBTQQIA लोगों को निशाना बनाया है। इस नरसंहार को उपनिवेशी व्यवस्था का प्रश्रय मिला था और विशेष तौर पर इसे इंडियन एक्ट, सिक्सटीज स्कूप, रेजिडेंशियल स्कूलों और मानवाधिकार तथा इंडिजिनस अधिकारों के उल्लंघन में देखा जा सकता है, जिसके कारण वर्तमान में इंडीजिनस आबादी की हिंसा, मृत्यु, और आत्महत्या के मामलों में प्रत्यक्ष तौर पर बढ़ोतरी हुई है।"

नेटिव वूमंस ऐसोसिएशन ऑफ कैनेडा की रिपोर्ट के अनुसार:

स्टैटिस्टिक्स कैनेडा ने बताया है कि हत्या के शिकार के मामलों में एबऑरिजिनल महिलाओं की संख्या काफी अधिक है।

- 1997 और 2000 के बीच, गैर-एबऑरिजिनल महिलाओं की तुलना में एबऑरिजिनल महिलाओं की हत्या की दर लगभग सात गुना अधिक थी।
- एमनेस्टी इंटरनेशनल कैनेडा की रिपोर्ट स्टोलन सिस्टर्स: डिस्क्रिमिनेशन एंड वायलेंस अगेंस्ट इंडिजिनस वीमेन इन कैनेडा में प्रकाशित इंडियन और नॉर्थर्न अफेयर्स कैनेडा (आईएनएसी) के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि 25 से 44 वर्ष की आयु की एबऑरिजिनल महिलाओं की हिंसा के कारण मृत्यु होने के मामले इसी आयु वर्ग की महिलाओं की तुलना में पांच गुना अधिक होते हैं।
- एनडब्ल्यूएसी के शोध से पता चलता है कि एबऑरिजिनल महिलाओं से जुड़ी हत्याओं के मामलों के अनसुलझे रह जाने की संभावना अधिक होती है। NWAC के सिस्टर्स इन स्पिरिट डेटाबेस में दर्ज हत्या के केवल 53% मामलों को सुलझाया गया है, जबकि इसकी तुलना में देश भर में हत्या के मामलों में से 84% मामलों को सुलझाया गया है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया MMIWG फाइनल रिपोर्ट यहां देखें: https://www.mmiwg-ffada.ca/final-report/

इंडियन रेजिडेंशियल स्कूल सिस्टम

कैनेडा के इतिहास में रेजिडेंशियल स्कूल एक काली विरासत हैं। पहला रेजिडेंशियल स्कूल 1870 में खोला गया, जिसने अगले 126 वर्षों तक इंडीजिनस लोगों पर विनाशकारी प्रभावों की शुरूआत की। बहुत से लोगों का यह गलत मानना है कि रेजिडेंशियल स्कूलों का नेटवर्क समाप्त हो गया था या इन्हें बहुत पहले बंद कर दिया गया था; हालाकि, सबसे अंतिम स्कूल 1996 में बंद किया गया था। इंडियन रेजिडेंशियल स्कूल सिस्टम के प्रभाव व्यापक थे और आज भी इसकी काली छाया का असर है।

रेजिडेंशियल स्कूल कैनेडा सरकार द्वारा बनाए गए थे और विभिन्न ईसाई चर्च द्वारा प्रशासित थे। इन स्कूलों का उद्देश्य "बच्चों में इंडीजिनस संस्कृति को मिटा देना - "बच्चे के दिलो-दिमाग में भरे इंडियन को मारना" - और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में संस्कृति के स्थानांतरण को रोकना था। लगभग 150,000 इंडीजिनस बच्चों को इंडियन रेजिडेंशियल स्कूलों में रखा गया था। इन स्कूलों में रहने के दौरान, 90 - 100% छात्रों को गंभीर शारीरिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक और यौन शोषण के अनुभवों से गुजरना पड़ा। इसके अतिरिक्त, विचलित कर देने वाला एक तथ्य यह है कि रेजिडेंशियल स्कूल में रहने वाले 40 - 60% बच्चों की मौत हो गई। इन पीड़ितों में से अधिकांश को अचिह्नित कब्रों में दफना दिया गया।

1884 में, कैनेडा सरकार ने यह नियम बना दिया था कि सभी इंडीजिनस बच्चों को इन रेजिडेंशियल स्कूलों में जाना होगा। इस आदेश का विरोध करने वाले माता-पिता को दंडित करने, अवज्ञा के लिए जुर्माना या जेल की सजा देने के लिए कानून बना दिए गए थे। परिवारों को बिखेर दिया गया था, और हालांकि एक ही परिवार के बच्चों को अक्सर एक ही स्कूल में भेजा जाता था, फिर भी अक्सर वे अलग हो जाते थे। छात्रों को उम्र, लिंग और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के आधार पर विभाजित कर दिया जाता था। इन कानूनों को इंडियन एजेंटों और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) द्वारा लागू किया जाता था।

इंडियन रेजिडेंशियल स्कूलों का जीवन

इंडीजिनस बच्चों का हर दिन शोषण किया जाता था। यहां आने पर, बच्चों के साथ शारीरिक शोषण किया जाता था, कई बच्चों को मिट्टी के तेल में नहलाया जाता था, या उनके कपड़े बदल दिए जाते थे और उनके बाल यूरोपीय मानकों के अनुरूप कटवा दिए जाते थे।

कई रिपोर्टों में, इन स्कूलों में रह चुके इंडीजिनस लोग बताते हैं कि अपनी भाषा बोलने या अपनी संस्कृति की किसी भी बात का पालन करने पर उन्हें शारीरिक पिटाई का सामना करना पड़ता था।

रेजिडेंशियल स्कूलों में जीवन-यापन की परिस्थितियां भयावह थी; बहुत कम भोजन मिलता था, और जब मिलता भी था तो इसमें अक्सर फफूंदी लगी होती थी, और बच्चों को यह खाना जबरदस्ती खिलाया जाता था। इन स्थितियों के कारण, इंडीजिनस बच्चे कुपोषित थे और उनका स्वास्थ्य खराब रहता था। साफ-सफाई नहीं होने के कारण, कई बच्चे बीमारी के कारण मर गये। अधिकांश बच्चे ग्रेड 5 तक ही शिक्षा ले पाए और फिर उन्हें मजदूरी करने के लिए मजबूर किया गया।

रेजिडेंशियल स्कूल में रहने के दौरान, हैल्थ कैनेडा ने कुछ इंडीजिनस बच्चों पर प्रयोग किए। ये प्रयोग इस बारे में थे कि मानव शरीर पर कुपोषण का क्या प्रभाव पड़ता है और इससे कैसे बचा जा सकता है। रेजिडेंशियल स्कूलों में यौन शोषण भी आम बात थी। गर्भवती हो जाने वाली किशोरियों के शिशुओं को उनसे अक्सर जबरदस्ती ले लिया जाता था और उन्हें किसी को दे दिया जाता था, और कभी-कभी शिशुओं की हत्या कर दी जाती थी।

.

घर वापसी

किसी भी बच्चे के प्रारंभिक वर्ष का समय मानव विकास का एक महत्वपूर्ण समय होता है। रेजिडेंशियल स्कूलों से घर लौटने वाले इंडीजिनस बच्चों को अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इन स्कूलों में जाने वाले बच्चे शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक और यौन शोषण से आहत होकर लौटे। जो बच्चे लौट कर आए, उनमें से अनेक अपनी भाषा बोल पाने या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले पाने में असमर्थ थे। चूंकि रेजिडेंशियल स्कूलों में संस्कृति की अभिव्यक्ति को दंडित किया जाता था, इसलिए बच्चों को अपनी सांस्कृतिक प्रथाओं को लेकर शर्म का अनुभव होता था। रेजिडेंशियल स्कूलों ने बच्चों के अपने माता-पिता के प्रति लगाव को भी प्रभावित किया, जिससे उन पारिवारिक संबंधों को नुकसान हुआ जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थानांतरित होते रहे थे।

इंडियन रेजिडेंशियल स्कूल सिस्टम को छात्रों से उनके पहले से विकसित सांस्कृतिक ज्ञान को छीनने के लिए निर्मित किया गया था, ताकि वे अपने परिवारों और समुदायों से अलग-थलग पड़ जाएं। अपने घरेलू समुदायों और 'मुख्यधारा' के कैनेडियन यूरो-कैनेडियन समाज से अलग कर दिए गए इंडीजिनस बच्चे खोए हुए, शर्म और अपनेपन की कमी से गुजरे जिसका असर पीढ़ियों तक फैला है।

मैनिटोबा ट्रॉमा इन्फॉर्म्ड इन्फॉर्मेशन एंड एडुकेशन सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार:

> "ध्यान देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक यह है कि किस प्रकार बच्चों, उनके माता-पिता, उनके प्राकृतिक समुदाय और सांस्कृतिक सहायता के बीच जुड़े संबंधों का हनन किया गया। देखभाल करने वाले पालकों से छीन लिए जाने का अनुभव बच्चों के लिए आघातकारी रहा होगा और इसका उनके विकास पर गहरा प्रभाव पड़ा होगा। स्वस्थ बढ़वार और विकास के लिए उत्तरदायी, पालन-पोषण करने वाले, और निरंतर देखरेख करने वाले अभिभावक से जुड़ाव आवश्यक है। रेजिडेंशियल स्कूल सिस्टम के कई बच्चों को यह अनुभव ही नहीं हुआ क्योंकि उन्हें उनके परिवारों से छीन लिया गया था और इसके कारण वे आज भी जूझ रहे हैं क्योंकि वे जुड़ाव वाले लोगों से छीन लिए जाने के आघात से गुजर रहे हैं। जुड़ाव को तोड़ दिए जाने के असर को वैयक्तिक, पारिवारिक और सामुदायिक स्तर पर महसूस किया जा सकता है।"

इन स्कूलों से लौटे अनेक लोग बताते हैं कि दर्द और आघात के कारण वे नहीं जानते कि एक स्वस्थ परिवार, प्रेम, या परवरिश क्या होती है। बच्चों की देख-रेख करने के पारंपरिक ज्ञान को अगली पीढ़ी को नहीं दिया गया। चूंकि रेजिडेंशियल स्कूलों में रहने वाले अधिकांश बच्चों को सैन्य तौर-तरीके से जबरन पाला गया था, वे इस बात को सीख ही नहीं पाए कि इंडीजिनस विश्वदृष्टि से ओतप्रोत प्रेमभरी दयालुता से अपने बच्चों को कैसे पाला जाए। अनेक युवा इंडीजिनस लोग आज बताते हैं कि उनके माता-पिता ने उन्हें कभी नहीं बताया कि उन्हें प्रेम किया गया था और यह कि यह पीढ़ी उस चक्र को तोड़ रही है।

ऐसा कहा जाता है कि रेजिडेंशियल स्कूल सिस्टम के दीर्घकालिक प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक महसूस किए जाते रहेंगे, जैसा कि प्रमाण सामने आए हैं कि यह आघात बच्चों और नाती-पोतों तक स्थानांतरित हो रहा है। हालांकि पीढ़ीगत आघात केवल रेजिडेंशियल स्कूलों और उनमें रहने वाले लोगों तक ही सीमित नहीं है, इसे उस आघात के लिए भी प्रयोग किया जाता है जिसे इंडीजिनस लोगों ने तब महसूस किया, जब उपनिवेशवादी आए।

सर जॉन ए. मैक्डोनाल्ड ने उन नुकसानों को समझा जो रेजिडेंशियल स्कूलों के कारण इंडीजिनस परिवारों और समुदायों को हुआ, जिनमें स्कूली उम्र के बच्चों की उच्च मृत्यु उच्च दर भी शामिल है। 1910 में, मैक्डोनाल्ड ने कहा, "इस बात को आसानी से स्वीकार किया जा सकता है कि इन स्कूलों में इतनी निकटता से रहने के कारण इंडियन बच्चे बीमारी के प्रति प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता खो बैठे और अपने गांवों की तुलना में यहां उनकी मृत्यु दर बहुत अधिक है। लेकिन सिर्फ इतने भर से इस विभाग की नीति को बदला नहीं जा सकता, क्योंकि इसे हमारी इंडियन समस्या के अंतिम समाधान के लिए तैयार किया जा रहा है।"

इंडीजिनस लोगों को प्रभावित करने वाली वर्तमान नीतियां

असेंबली ऑफ फर्स्ट नेशंस (AFN), ट्रुथ एंड रिकंसिलिएशन कमेटी (TRC) और संयुक्त राष्ट्र (UN) सभी ने कैनेडा से श्रेष्ठता के नस्लवादी सिद्धांतों को त्यागने का आह्वान किया है। एएफएन कहता है, "हालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि पिछले अन्याय नहीं बदलेंगे, लेकिन इससे कैनेडा अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करेगा और फर्स्ट नेशंस के प्रति वर्तमान के दायित्वों को मान्यता देगा।" संक्षेप में, कैनेडियन लोगों को यह स्वीकार करना चाहिए कि कैनेडा के विकास के लिए जिन कानूनों ने आधार प्रदान किया था, वे नस्लीय श्रेष्ठता की अवधारणाओं पर आधारित थे।

एएफएन आगे कहती है:

"फर्स्ट नेशंस के प्रति एक विरोधी रूख अपनाने के बजाय, कैनेडा को क्राउन के सम्मान को बनाए रखना चाहिए और भूमि अधिकारों के एक ऐसे संकल्प में संलग्न होना चाहिए जो हमारी भूमि पर हमारे अधिकारों को कमतर नहीं करता हो। फर्स्ट नेशंस को अपनी ही भूमि और अधिकारों का सम्मान करने के लिए लंबी, महंगी मुकदमेबाजी में शामिल होने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।"

कैनेडा में निहित भूमि अधिकारों के लिए लड़ने के लिए कई बाधाएं हैं। मौजूदा भू-स्वामित्व और अधिकारों का दावा करने के लिए संघीय सरकार को अदालत में ले जाने से जुड़ी लागत फर्स्ट नेशंस को वहन करनी होती है, जिनमें से अधिकांश आर्थिक असमानता में फंसे हैं, जिसे ऑर्थर मैनुअल 0.2% अर्थव्यवस्था कहते हैं। इंडीजिनस भू-स्वामित्व और अधिकारों के विषय पर, एएफएन का कहना है, "सबसे बड़ा सवाल आज भी वहीं है: क्राउन ने भू-स्वामित्व कैसे प्राप्त किया और क्राउन संप्रभुता का दावा कैसे जारी रखता है? जैसा कि विद्वान जॉन बॉरोज हमें याद दिलाते हैं, 'कैनेडियन कानून इंडीजिनस लोगों के लिए तब तक समस्याभरा रहेगा जब तक यह अंतर्निहित भू-स्वामित्व और फर्स्ट नेशंस के पास मौजूद अति महत्वपूर्ण शासन शक्तियों को महत्वहीन मानते हुए नजरअंदाज करेगा।"

एबऑरिजिनल अधिकार और भू-स्वामित्व का अस्तित्व हैं - डिगलुमक्स

अधिकार और मान्यता फ्रेमवर्क

DRIPA / UNDRIP

https://www2.gov.bc.ca/gov/content/governments/indigenous-people/new-relationship/frequently-asked-questions-the-united-nations-declaration-on-the-rights-of-indigenous-peoples

- येलो हेड इंस्टीट्यूट सी.जी.: तो संधि न होते हुए भी यह बहुत शक्तिशाली हो सकती है। मैं बी.सी. एक्ट के बारे में और बातचीत करना चाहता हूं। क्या आपको लगता है कि यह आपके द्वारा सुझाई गई तर्ज पर प्रांतीय सरकारों को जवाबदेह बनाता है? जेबी: राजनीतिक समुदाय अंतरराष्ट्रीय कानूनों को लागू करने के लिए सामान्य तौर पर कानून का सहारा लेते हैं। तो प्रक्रिया यह होगी कि हमारे संधि मानकों, परंपरागत अंतरराष्ट्रीय कानून के हमारे सिद्धांतों या अंतरराष्ट्रीय कानून के सामान्य सिद्धांतों की पहचान की जाएगी और वे कहेंगे "ठीक है - मानक यह है, अब हमें इसे अपने विधायी क्षेत्र के अनुरूप रखना होगा ताकि वह शक्ति दी जा सके, ताकि उस अधिक निश्चितता को दिया जा सके।" यदि बी.सी. सरकार इसे "केवल" एक घोषणा के रूप में देखती है न कि एक संधि के रूप में, तो वे इसे लागू करने के लिए बाध्य नहीं होंगे, वे इंडीजिनस लोगों के साथ काम करने के लिए या अधिकारों को लागू करने के लिए संघीय सरकार के साथ काम करने के लिए अन्य उपाय कर सकते थे। लेकिन, जिस हद तक यह अंतरराष्ट्रीय कानून, प्रणालीगत अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करता है, वहां एक दायित्व होगा कि
    - मानवाधिकार न्यायाधिकरण - ब्लैकस्टॉक बनाम कैनेडा सरकार

स्कूकामिना मारचंड, सिलिक्स और सेक्वेपेमसी

कैनेडा में इंडीजिनस विरोधी नस्लवाद

इंडीजिनस-विरोधी पूर्वाग्रह में योगदान इंडीजिनस लोगों, उनके इतिहास, संस्कृतियों और उनके सामने आने वाले वर्तमान मुद्दों के बारे में जागरूकता की कमी है। कैनेडियन शिक्षा प्रणाली ने भी जागरूकता की इस कमी में योगदान दिया है और ऐतिहासिक रूप से इंडीजिनस लोगों और उनकी भाषाओं का कमजोर प्रतिनिधित्व किया और दमन किया है।

हाल के इतिहास में, शैक्षिक सामग्रियों में कैनेडा में उपनिवेश संस्कृति के इतिहास को अपना समर्थन दिया है। आज तक, कैनेडा के स्कूली बच्चों को ऐसी सामग्री सौंपी जाती है जो कोलंबस के आगमन का महिमामंडन करती है जिसने उस स्थान की "खोज" की जिसे बाद में उत्तरी अमेरिका नाम से जाना गया। प्रांतीय और क्षेत्रीय शिक्षा प्राधिकरण इंडीजिनस विश्वदृष्टि को शामिल करने के लिए अपने पाठ्यक्रम में बदलाव करने लगे हैं, हालांकि अधिकांश का मानना है कि बदलाव की यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी है और शिक्षकों को अधिक प्रशिक्षण और संसाधन दिये जाने की आवश्यकता है। इंडीजिनस परिप्रेक्ष्य से शिक्षा की कमी इंडीजिनस लोगों के प्रति अहितकारी धारणा को और आगे बढ़ाएगी।

मुख्यधारा का मीडिया अक्सर इंडीजिनस लोगों से जुड़े समाचारों या इतिहास की सामाजिक समस्याओं या अशांति पर ध्यान केंद्रित करता है, जिनमें अक्सर इंडीजिनस लोगों को उद्दंड या गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों के रूप में चित्रित किया जाता है।

मीडिया में इंडीजिनस-विरोधी पूर्वाग्रहों के उदाहरण मौजूद हैं, जैसे कि सस्कैचुआन में हत्या के शिकार युवा इंडीनिजस कुल्टेन बाउशी के समाचारों को दिखाये जाते समय हुआ। कैनेडियन मीडिया ने बाउशी को हमेशा एक गैरकानूनी संदिग्ध के रूप में चित्रित किया, जबकि उसके हत्यारे को रिहा कर दिया गया था। इस समाचार ने कैनेडा के इंडीजिनस समुदायों में क्षोभ की लहर पैदा कर दी थी, और मीडिया का आह्वान किया गया था कि वह निष्पक्ष नजरिये से इंडीजिनस लोगों से जुड़े समाचार प्रस्तुत करे। यहां ब्रिटिश कोलंबिया में, इंडीजिनस युवा संसाधन का दोहन करने से प्रभावित हुए अपने पारंपरिक क्षेत्रों की रक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। एक युवा ने हैरत जताते हुए कहा, "हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि आने वाली पीढ़ियां भी संसाधनों के लिए भूमि पर ही निर्भर रहेंगी।" मीडिया में, इन युवाओं को "प्रदर्शनकारी," "कानून का पालन नहीं करने वाले नागरिक" और "अवैध निवासी" के रूप में संदर्भित किया जा रहा है।"

मुख्यधारा का मीडिया केवल दर्दनाक, नकारात्मक समाचारों को कवर कर नकारात्मक धारणा पैदा करने में अपना योगदान देता है जिससे इंडीजिनस समुदायों पर बुरा असर पड़ता है। इसके साथ-साथ उनके प्रति सामान्य पूर्वाग्रह एक ऐसी उपजाऊ भूमि तैयार कर देते हैं जिसमें नस्लवाद पनपता है।

SUILC ने यहां सरी में, इंडीजिनस-विरोधी नस्लवाद और समुदाय पर इसके प्रभावों पर दो दिवसीय मंच की मेजबानी की।

मिथक और भ्रांतियां

निम्नलिखित खंड कोरी विल्सन के पुलिंग टुगेदर से अनुमति लेकर लिया गया है।

पूरी सामग्री देखने के लिए यहां क्लिक करें: https://opentextbc.ca/indigenizationfoundations/back-matter/appendix-c-myth-or-fact/

मिथक कैसे शुरू होते हैं?

हालांकि हालात में सुधार हो रहा है, बहुत से कैनेडियन लोग इंडीजिनस लोगों की वास्तविकता , उनका इतिहास, उनकी संस्कृतिय या उनके सामने आने वाले वर्तमान मुद्दों को नहीं जानते हैं। इसके कई कारण हैं:

- वर्षों की सरकारी नीतियों ने मूलनिवासी लोगों को कैनेडा की मुख्यधारा के समाज में आत्मसात करने का काम किया है।
- रिजर्व ने फर्स्ट नेशंस लोगों को कैनेडियन समाज से अलग-थलग रखा है।
- कैनेडा और इंडीजिनस लोगों के वास्तविक इतिहास के बारे में बहुत कम पढ़ाया जाता है।
- फिल्म, टेलीविजन और मीडिया अक्सर इंडीजिनस लोगों के प्रति जनमानस के मन में बसी लकीर की फ़कीर(stereotypes) धारणाओं को कायम रखते हैं

ऐसी कुछ धारणाएं जिनका सामना इंडीजिनस लोगों को करना पड़ता है, के बारे में एक शैक्षिक वीडियो देखने के लिए क्लिक करें https://www.coursera.org/lecture/aboriginal-education/8th-fire-episode-2-its-time-dY3WR 6:39

स्कूकामिना मारचंड, सिलिक्स और चेरोकी

मिथक या तथ्य ?

1. **इंडीजिनस लोगों के पास कभी लिखित भाषा नहीं थी।** यह एक मिथक है! यूरोपीय और एशियाई लेखन प्रणाली दृश्य चिह्नों में सूचना प्रसारित करने का केवल एक ही तरीका है, लेकिन अन्य तरीके भी हैं। इंडीजिनस लोगों ने संवाद करने और अपनी कहानियों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रतीकों और विभिन्न प्रकार के चिह्नों का उपयोग किया है। टोटेम पोल, पेट्रोग्लिफ्स और पिक्टोग्राफ दृश्य भाषा के उदाहरण हैं।

2. **इंडीजिनस लोग कोई कर नहीं देते हैं।** यह एक मिथक है!सभी इंडीजिनस लोगों को अन्य सभी कैनेडियन लोगों की तरह कर का भुगतान करना आवश्यक है। इसमें सभी आय, संघीय, प्रांतीय, और नगरपालिका करों के साथ-साथ रिजर्व के बाहर खरीदी गयी वस्तुओं और सेवाओं के लिए कर देना शामिल है। एकमात्र अपवाद संघीय सरकार द्वारा "स्टेटस इंडियन" के रूप में मान्यताप्राप्त लोग हैं। उन्हें निम्न मामलों में भुगतान नहीं करना पड़ता:

    - आय कर, अगर वे अपनी आय का 60 प्रतिशत रिजर्व पर कमाते हैं
    - प्रांतीय या संघीय बिक्री कर, यदि वे रिजर्व पर सामान या सेवाएं खरीदते हैं या उन्हें रिजर्व में मंगवाते हैं

    इंडीजिनस जागरूकता प्रशिक्षण का वीडियो देखने के लिए,यहाँ क्लिक करें https://www.coursera.org/lecture/aboriginal-education/8th-fire- episode-2-its-time-dY3WR 23:28

3. **इंडीजिनस लोगों के साथ जो कुछ भी हुआ, वह "इतना समय पहले हुआ था कि अब उन्हें इसे भूल जाना चाहिए।"** यह एक मिथक है! इंडीजिनस लोग अभी भी औपनिवेशीकरण के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि उपनिवेश वादियों द्वारा लाई गई बीमारियों के कारण इंडीजिनस लोगों की आबादी लगभग समाप्त हो गई थी, लेकिन जो लोग इनका सामना कर पाए और बच गए, उनके जीवन की गुणवत्ता, पहचान, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, और परंपराओं पर आज भी वह असर दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, इंडियन एक्ट आज भी फर्स्ट नेशंस लोगों के जीवन के कई पहलुओं को नियंत्रित करता है और स्वशासन करने की फर्स्ट नेशंस समुदायों की क्षमता को सीमित करता है। 1951 तक, फर्स्ट नेशंस लोगों के लिए तीन से अधिक के समूह में इकट्ठा होना, बिना पास के रिजर्व छोड़ना, किसी वकील की सेवाएं लेना, संपत्ति का स्वामी बनना या अपने रीति-रिवाजों का पालन करना अवैध था। 1982 के बाद, संविधान में संशोधन के साथ, फर्स्ट नेशंस की महिलाओं का कानूनी दर्जा इस बात से तय किया जाना बंद कर दिया गया कि वे किससे विवाह कर रही हैं। ब्रिटिश कोलंबिया का अंतिम रेजिडेंशियल स्कूल 1984 में बंद किया गया, इसलिए यहां तक कि जो इन लोग स्कूलों में नहीं गए, वे भी पीड़ा, पराजय और नस्लवाद की सतत विरासत से पीड़ित हैं।

4. **सभी इंडीजिनस लोग एक से हैं।** यह एक मिथक है! कैनेडा भर में इंडीजिनस लोग और समुदाय भाषा, संस्कृति और परंपराओं में बहुत विविध हैं। पूरे ब्रिटिश कोलंबिया में 200 से अधिक फर्स्ट नेशंस समुदाय हैं। वे 36 से अधिक अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं। 2016 की जनगणना में, ब्रिटिश कोलंबिया में 270,000 लोगों ने अपनी पहचान फर्स्ट नेशन, मेटिस, या इनुइट के रूप में की। इन लोगों में रिजर्व पर रहने वाले फर्स्ट नेशंस लोग शामिल नहीं हैं, क्योंकि जनगणना में अनेक रिजर्व को शामिल नहीं किया गया था। आप प्रांत में कहां निवास कर रहे हैं, इस पर निर्भर करते हुए, सांस्कृतिक प्रथाएं और परंपराएं एक दूसरी से भिन्न होंगी।

5. **इंडीजिनस संस्कृतियां बहुत आदिम थीं। यह एक मिथक है!** इंडीजिनस लोगों की संस्कृतियां और शासन, वाणिज्य, व्यापार और कृषि की प्रणालियां अत्यंत जटिल हैं जो उपनिवेशवादियों के यहां आने से पहले हजारों वर्षों तक फलती-फूलती रही। हालांकि पूर्वी और मध्य कैनेडा में कई शांति संधियां की गईं, लेकिन औपनिवेशिक सरकारों ने इन सशक्त व्यवस्थाओं और पद्धतियों को मान्यता या वैध करार नहीं दिया। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश कोलंबिया के गवर्नर जेम्स डगलस ने फर्स्ट नेशंस समुदायों के साथ वैंकूवर आइलैंड को लेकर समझौतों पर बातचीत की, लेकिन बाद के गवर्नरों ने इन समझौतों को खारिज कर दिया।

6. **इंडीजिनस लोगों को मुफ्त विश्वविद्यालय शिक्षा और मुफ्त आवास मिलता है।** यह एक मिथक है! कुछ फर्स्ट नेशंस लोग माध्यमिक शिक्षा के बाद के वित्तीय सहायता के पात्र होते हैं, बशर्ते यदि उन्हें स्टेटस इंडियन का स्टेटस प्राप्त हो और उनके फर्स्ट नेशंस समुदाय के पास संघीय सरकार द्वारा आवंटित पर्याप्त धन हो जो कि माध्यमिक शिक्षा के बाद की संपूर्ण शिक्षा या इसके कुछ हिस्से के लिए उन्हें धन उपलब्ध करा सके। माध्यमिक शिक्षा लेने के दौरान, अधिकांश इंडीजिनस लोगों को अपने समुदायों या सरकार से कोई मदद नहीं मिलती है। जहां तक मुफ्त आवास की बात है, प्रत्येक फर्स्ट नेशन रिजर्व पर घर बनाने के लिए आर्थिक मदद हासिल करने के लिए संघीय सरकार के साथ बातचीत करता है, और इसके लिए फर्स्ट नेशन व्यक्ति को अपने घर को गिरवी रख धन दिया जाता है। इस बंधक राशि को चुकाने के लिए फर्स्ट नेशन सरकार को भुगतान करते हैं। यदि किसी फर्स्ट नेशन को उसके आवास के लिए सब्सिडी वाली सहायता मिलती है, तो इसका कारण यह है कि उनका दर्जा एक विशेष निम्न-आय वर्ग वाला होता है। यहां तक कि अगर कोई फर्स्ट नेशन बंधक राशि का भुगतान कर भी देता है, तो भी घर उनके नाम पर नहीं होता और इस कारण वह इसे बेच भी नहीं सकता।

7. **अन्य लोगों की तुलना में इंडीजिनस लोग व्यसन और अपराध में लिप्त होते हैं।** यह एक मिथक है! जनसंख्या के तौर पर, इंडीजिनस लोगों के व्यसन में पड़ जाने की संभावना अधिक होती है और आपराधिक न्याय प्रणाली में उनका अधिक प्रतिनिधित्व है, लेकिन ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि वे अधिक आपराधिक प्रवृत्ति वाले हैं या उनके शरीर व्यसन के प्रति अधिक संवेदनशील हैं (हालांकि दशकों तक वैज्ञानिकों और अनेक लोगों का यही मानना था)।

   व्यसन का शिकार होने की अधिक संभावना और आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यसनों और अति-प्रतिनिधित्व के अनेक कारण हैं और ये उपनिवेश से संबंधित प्रभावों के संयोजन के कारण उपजे हैं।

   इनमें उनकी संस्कृतियों, परंपराओं और भाषाओं को मान्यता की कमी, सरकारी नीतियां, नस्लवाद, भेदभाव, और पूर्वाग्रह बना लिया जाना, पारिवारिक संरचना का बिखरना, गरीबी, अलगाव, और रेजिडेंशियल स्कूल, सामाजिक समूह के कार्यप्रणाली में बार-बार होने वाली अशांति के दौर, और अंतर-पीढ़ीगत आघात जैसे कारण शामिल हैं। बड़े शहरों में, गरीब इलाकों में अधिक पुलिस अधिकारी होते हैं। यदि अधिकांश कैनेडियन लोगों की तुलना में इंडीजिनस लोग गरीब हैं (और सांख्यिकीय रूप से वे हैं), तो उनके पुलिस या आपराधिक न्याय प्रणाली के संपर्क में आने की संभावना अधिक है। इसके अलावा, एक बार आपराधिक व्यवस्था में फंसने पर, समझ की कमी और सांस्कृतिक मतभेदों के परिणामस्वरूप इंडीजिनस लोगों को भेदभावों का अधिक सामना करना पड़ता है जो संस्थागत पूर्वाग्रह और नस्लवाद को जन्म देता है। इसलिए उन्हें दोषी ठहराए जाने और लंबी सजा दिए जाने की अधिक संभावना होती है।

   .

8. **इंडीजिनस युवा रेजिडेंशियल स्कूलों या उपनिवेशवाद से प्रभावित नहीं थे।** यह एक मिथक है! औपनिवेशीकरण का इंडीजिनस समुदायों पर स्थाई असर पड़ा जिसमें पारिवारिक संरचना का बिखराव, गरीबी, अवसाद, व्यसन, अंतरपीढ़ीगत आघात, और आघात के बाद होने वाले तनाव शामिल हैं। इस दुष्चक्र को तोड़ने के लिए इंडीजिनस युवाओं को कई सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करना होगा। कई इंडीजिनस लोग नस्लवाद से निरंतर प्रभावित होते रहते हैं - कभी-कभी प्रत्यक्ष और जानबूझकर किये जाने वाले नस्लवाद के रूप में और कभी-कभी अनजाने में बना ली गई धारणा, गलतफहमी और पूर्वाग्रह के रूप में। यह उनके स्वस्थ और उत्पादक जीवन जीने की क्षमता को प्रभावित करता है।

9. **इंडीजिनस लोग सरकार के साथ मिलकर काम नहीं करना और कैनेडा का हिस्सा नहीं बनना चाहते।** यह एक मिथक है! इंडीजिनस लोग पहले से ही कैनेडा का हिस्सा हैं और चाहते हैं कि संघीय सरकार उनकी स्वायत्तता और अधिकारों को विशिष्ट लोगों के तौर पर मान्यता दे, जैसा कि संविधान में उल्लिखित है। जमीनों और क्षेत्रों को गैरकानूनी तरीके से लिए जाने से लेकर राय लिए बिना इंडीजिनस लोगों के बारे में सरकारी फैसले तय किए जाने तक - कैनेडा में उनके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया गया है।

10. इंडीजिनस जागरूकता प्रशिक्षण का वीडियो देखने के लिए यहाँ पर जाएँ https://www.coursera.org/lecture/aboriginal-education/8th-fire-episode-2-its-time-dY3WR 23:28

इंडीजिनस प्रतिभाएं

सरी में इंडीजिनस अनुकरणीय व्यक्तियों का उत्सव मनाना

कई इंडीजिनस लोग आज अपनी इंडीजिनस पहचान को पुनः प्राप्त कर रहे हैं। वे अपने पूर्वजों की तरह मुखर, शिक्षित, रचनात्मक हैं। वे आधुनिक दौर के साथ रहने के पारंपरिक तरीकों के घुल-मिल जाने वाली इंडीजिनस पहचानों के पुनर्विचार के तरीके खोज रहे हैं। इन अनुकरणीय लोगों के काम उनके पुश्तैनी संबंधों पर आधारित हैं। अक्सर, मीडिया पीड़ाभरी कहानियों को उजागर करता है, जो इंडीजिनस की नकारात्मक धारणा का कारण बन सकता है। इस खंड में, हम सरी, ब्रिटिश कोलंबिया में मौजूद इंडीजिनस प्रतिभाओं के उत्थान की कामना करते हैं।

अलानाइस गुडविल - अनीशनाबे

डॉ. अलानाइस गुडविल सैंडी बे फर्स्ट नेशन की अनिशिनाबे हैं और मनोविज्ञान में पीएचडी हैं। वह वर्तमान में सरी कैम्पस स्थित साइमन फ्रेजर विश्विद्यालय में अध्यापन करती हैं।

अलानाइस एक वैज्ञानिक-पेशेवर और परामर्श मनोविज्ञान में शिक्षक हैं। उनके काम का उद्देश्य औपनिवेशिक हिंसा जैसे गिरोह और लिंग आधारित हिंसा की गंभीर अभिव्यक्तियों को संबोधित करके मानसिक स्वास्थ्य प्रथाओं को खत्म करना है। ब्रिटिश कोलंबिया में बहुत कम इंडीजिनस पंजीकृत मनोवैज्ञानिकों में से एक, वह कई इंडीजिनस समुदायों में अपनी सेवाएं देने के साथ साथ अपने शैक्षिक कर्तव्यों प्रति भी बहुत सक्रिय हैं।

अलानाइस ने इंडीजिनस मनोविज्ञान के उभरते हुए क्षेत्र में ब्रैंडन विश्वस्कूल में फर्स्ट नेशंस और एबऑरिजिनल काउंसिलिंग कार्यक्रम को पुनर्विकसित किया। उन्होंने कैनेडा के कुछ प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम भी लिखा है। "अलानाइस इंडियन रेजिडेंशियल स्कूलों सहित नुकसानदेह उपनिवेशवादी प्रक्रियाओं के चलते खोई पहचान को दोबारा हासिल करने, सामूहिक उपचार और बहाली के क्षेत्रों में काम करती हैं। उनके काम ने कैनेडा के मेंटल हैल्थ कमीशन का ध्यान आकर्षित किया, जहां उन्होंने बच्चों और युवा मानसिक स्वास्थ्य, 2009-2012 के लिए सलाहकार के रूप में कार्य किया।"

भाषा पुनरूद्धार को लेकर अलानाइस के मन में भारी उत्साह रहता है और वह अपने परिवार और समूह परामर्श विधियों में भाषा को शामिल करती हैं। यह अभिनव कार्य है, जिसे भाषा पुनरूद्धार के क्षेत्र या परामर्श मनोविज्ञान में नहीं देखा गया है।

जे सिमियोन - हैदा फर्स्ट नेशन

जे सिमियोन हैदा नक्काशी करने वाले एक ऐसे पिता हैं जो पिछले 10 वर्षों से सरी में रह रहे हैं। जे का जन्म एसदास्तआएस ईगल कबीले की कावास शाखा में हुआ था। जे की मां ब्रोकेट अलबर्टा की ब्लैकफुट हैं। जे को हैदा कला के अगुवा के रूप में पहचाना जाता है और वह 16 वर्षों से अन्य कलाकारों को गुर सिखा रहे हैं। 2011 में, जे को ब्रिटिश कोलंबिया के फर्स्ट नेशंस कला के क्षेत्र में फुलमर पुरस्कार मिला। जे के सबसे पहले शिक्षक उनके पिता एरिक सिमियोन थे। जे ने बहुत छोटी उम्र में ही घर के आसपास मिलने वाली चीजों पर नक्काशी करना शुरू कर दिया था। 14 साल की उम्र में, एरिक ने जे को अपनी आंट शेरोन येल्तात्जी से मिलवाया, जिनके साथ उन्होंने अपनी कला यात्रा शुरू की।

सिमियोन ने अपनी आंट, हैदा कलाकार शेरोन हिचकॉक के तहत सीखने का कार्य शुरू किया जब उनकी उम्र चौदह वर्ष थी और उन्होंने ड्वायन सिमियोन के साथ आभूषण बनाना सीखा। उन्होंने किताबें पढ़-पढ़कर और संग्रहालय जाकर नॉर्थवेस्ट कोस्ट के डिजाइनों का अध्ययन जारी रखा। जे के काम को पूरे उत्तरी अमेरिका की दीर्घाओं में प्रदर्शित किया गया है।

Guuj sdang (Two Wolves) Panel
गुज एसडैंग (दो भेड़िये) पैनल
जे सिमियोन (हैदा)
लाल सेडर, एक्रिलिक

"वह कई स्वरूपों और माध्यमों में एक कुशल नक्काशीकर्ता हैं और आभूषणों के मामले में वे नॉर्थवेस्ट कोस्ट डिजाइन में सर्वश्रेष्ठ हैं। नॉर्थवेस्ट कोस्ट कला की दुनिया में सबसे जटिल और खूबसूरत नक्काशीदार गहने बनाने के लिए सोने, चांदी, हड्डी और आर्जिलाइट पर वह कई तरह की तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। सूक्ष्मता के लिए उनकी बारीक नजर, और डिजाइन करने की उनकी विशिष्ट क्षमता के मिलन के कारण, उनका कार्य अपनी पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ और सर्वोत्कृष्ट कार्य के रूप में सामने आता है।"

जे एक शहरी हैदा होने के कारण होने वाले तनाव को वे महसूस करते हैं। उनका कहना है कि नए उपकरणों और दीर्घाओं तक पहुंच ने उनके काम को कई अवसर प्रदान किए हैं। हालांकि, जे का मन अपने गृह प्रदेश में वापस जाने के लिए करता है।

Moon Pendant(चंद्र लटकन)
जे सिमियोन (हैदा)
पीला सेडर, अबालोन

लेन पियरे – कात्जी फर्स्ट नेशन

लेन एक पिता, कोस्ट सैलिश सलाहकार, सार्वजनिक वक्ता, शिक्षक, सांस्कृतिक कलाकार और आध्यात्मिक नेता हैं। वयस्क शिक्षा और सांस्कृतिक ज्ञान प्रणालियों की पृष्ठभूमि के साथ, लेन का उद्देश्य उपनिवेशवादी व्यवस्था को हटाना और किसी भी पेशेवर संस्थान में कॉरपोरेट प्रणालियों, पद्धतियों, और पाठ्यक्रम सामग्री में बदलाव करना है।

अधिक मात्रा में दवा लेने के कारण उपजे संकट(overdose crisis), सांस्कृतिक सुरक्षा, मादक पदार्थों के इस्तेमाल और व्यसन को कम करने , और इंडीजिनस स्वास्थ्य सुविधा मिलने के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभावों का सृजन करने हेतु इंडीजिनस विश्वदृष्टि को प्रोत्साहित करने जैसे क्षेत्रों में इंडीजिनस स्वास्थ्य अधिकारों के लिए लेन एक मुखर समर्थक हैं।

लेन का कहना है कि इंडीजिनस लोग निम्न औपनिवेशिक कार्यक्रमों के कारण सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं:

रेजिडेंशियल स्कूल

60 का स्कूप

जमीन की चोरी

लेन का मानना है कि सत्य और सुलह के समय में, इंडीजिनस और गैर-इंडीजिनस सच्चाइयों को पाटने की आवश्यकता कभी अधिक नहीं रही। इंडीजिनस ज्ञान और मूल्यों पर ध्यान दोबारा केंद्रित करने के साथ, वह किसी भी इच्छुक सेवा प्रदाता के लिए शैक्षिक व्याख्यान, कार्यशालाएं और परामर्श सेवाएं प्रदान करते हैं।

लिन डेनियल - कावाकाटोज़ फर्स्ट नेशन

लिन शिक्षा को उपनिवेशवाद से मुक्त करने के लिए उत्साही है। लिन के पास नीति और शैक्षिक नेतृत्व में यूबीसी से डॉक्टर ऑफ एजुकेशन की डिग्री है। उनकी थीसिस ने कॉलेज के इंडीजिनस छात्रों की सार्वजनिक शिक्षा की यादों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने इंडियन रेजिडेंशियल स्कूल प्रणाली और पब्लिक स्कूल प्रणाली के बीच तुलनात्मक अध्ययन किया है। जिससे उन्होंने वर्तमान शिक्षा के भीतर इंडीजिनस छात्रों के वर्तमान अनुभवों को प्रदर्शित किया और औपनिवेशिक आधारित शैक्षिक नीति को उजागर किया है।

कई बीसी स्कूल जिलों और शिक्षा मंत्रालय के साथ काम करते हुए, लिन आदिवासी शिक्षा में एक प्रशासक, एक समन्वयक और एक सलाहकार रही हैं। वर्तमान में, वह सरे स्कूलों में एबऑरिजिनल शिक्षा निर्देश की निर्देशिका (Director of Instruction, Aboriginal Learning) हैं। अपनी भूमिका में और बाहर, वह इंडीजिनस नेताओं के बीच समानता और मजबूत साझेदारी के निर्माण की वकालत करती हैं। समुदायों के भीतर और पूरे स्कूल जिलों में साझेदारी बनाकर, लिन का उद्देश्य इंडीजिनस छात्रों के लिए माध्यमिक के बाद के का मार्ग खोलना है।

इंडीजिनस पुनरुथान

> इंडीजिनस प्रदेश और जल हमारे अस्तित्व का संबल रहे हैं और इसलिए इंडीजिनस पुनरूत्थान का केन्द्र हैं.
>
> \- क्रिस्टल स्मिथ

टर्टल आइलैंड के चारों ओर इंडीजिनस पहचान के लिए पुनरूत्थान या पुनर्जागरण तेजी से बढ़ रहा आंदोलन है। इंडीजिनस संस्कृति की पुनर्प्राप्ति के साथ प्रारंभ कर, नेशंस गरीबी के चक्र को तोड़ सकते हैं और औपनिवेशीकरण के प्रभावों से उबरना शुरू कर सकते हैं। यह प्रक्रिया भूमि पर प्रारंभ होती है, जो इंडीजिनस पहचान और जीवन जीने के तरीकों का एक प्रमुख घटक है। लियान सिम्पसन लिखते हैं, "अब, तब, और हमेशा के लिए, लड़ाई भूमि के लिए है। भूमि, और वह सब कुछ जो भूमि सिखाती है, देती है, और वह सब जो यह मांगती है।"

यह आंदोलन युवाओं की ज्वार सी बढती लहर के नेतृत्व में है, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून और राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इंडीजिनस लोग आगे बढ़ रहे हैं।

इंडीजिनस पुनरुत्थान का कार्य यूरोपीय लोगों के यहां आने के साथ ही शुरू हो गया था। ब्रिटिश कानून के तहत पॉटलैच और समारोहों को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था; हालांकि, इंडीजिनस लोग गोपनीय तौर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे।

जब रेजिडेंशियल स्कूल प्रणाली शुरू हुई, तो कुछ परिवार इंडियन एजेंटों और आरसीएमपी की पकड़ से बच निकले और उन्होंने अपने परिवारों को जंगलों में छिपा दिया। 1969 में, जब पियरे ट्रूडो ने श्वेत पत्र पेश किया, जिसका उद्देश्य इंडीजिनस लोगों को प्रभावी समाज में पूरी तरह से आत्मसात करना था, तो इंडीजिनस समुदाय ने इसे अस्वीकार कर दिया। इसके जवाब में, हेरल्ड कार्डिनल के नेतृत्व में इंडियन एसोसिएशन ऑफ अल्बर्टा ने रेड पेपर पेश करने के लिए ढोल बजाते और गीत गाते हुए हाउस ऑफ कॉमन्स में वैभव के साथ प्रवेश किया। रेड पेपर ने रेखांकित किया कि मूल संधियों पर ब्रिटिश क्राउन के साथ हस्ताक्षर किए गए थे और यह कैनेडा में स्व-शासन और आत्मनिर्भरता की नींव थी। इंडीजिनस मुद्दों पर लोकप्रिय पॉडकास्ट, रेड मैन लाफिंग के मेजबान, रेयान मैकमोहन कहते हैं, "यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कैनेडा में इंडीजिनस लोगों के प्रति किए गए व्यवहार के बावजूद, इंडीजिनस लोग आज भी एक राष्ट्र के तौर पर दूसरे राष्ट्र से बातचीत के लिए तैयार हैं।"

यहां, क्वांटलेन फर्स्ट नेशन पर, चीफ मर्लिन गैब्रियल अपने समुदाय में अगुवाओं का सम्मान करते हुए कहती हैं - रेजिडेंशियल स्कूल के दर्दनाक अनुभवों और भेदभाव के बावजूद, उन्होंने ब्रिटिश कोलंबिया के लैंगली के प्राथमिक और हाईस्कूल में बच्चों को शिक्षित करने के लिए शिक्षा तैयार की है। ये क्वांटलेन अगुवा आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित करने के प्रति इसलिए तत्पर हैं ताकि अतीत में हुए अत्याचार जारी न रहें।

समापन

इस सामग्री को पढ़ने के लिए समय देने के लिए आपका धन्यवाद। ओटवा स्थित रिडो हाई स्कूल के शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों को अपने संबोधन में सीनेटर मरे सिनक्लेयर ने सुलह की प्रक्रिया में कैनेडा आने वाले नवागंतुकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने कहा,

"कैनेडा में वयस्क नवागंतुकों की सुलह के चल रहे कार्य में क्या भूमिका होगी यदि वे इस इतिहास से जुड़े ही नहीं हैं? यदि आप इस देश के भविष्य से जुड़ाव महसूस करते हैं, और यदि आप भविष्य के लिए जिम्मेदार महसूस करते हैं, तो आपको इस देश के भविष्य के लिए, सुलह की परवाह करने की आवश्यकता है। "

\- सीनेटर मरे सिंक्लेयर

हाना डेक्सेल-पोइट्रास, जेलेन डेक्सेल-पोईट्रास, जेमी डेक्सेल-पोईट्रास (एनकाकाम्प्लक्स), और प्रेस्ली पोईट्रास (हैदा और सिल्क्स)

Funded by:

Immigration, Refugees
and Citizenship Canada

Financé par :

Immigration, Réfugiés
et Citoyenneté Canada

SURREY
LOCAL IMMIGRATION
PARTNERSHIP